दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



नई फिल्म की पहली झलक....

पुष्पा 2 की तैयारी .....

वर्ष : 10 | अंक : 118 | लखनऊ, 07 अप्रैल, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी : मोदी

- प्रधानमंत्री ने सहारनपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री के भाषण के प्रमुख अंश –
- कांग्रेस राज में भारत की छवि भ्रष्ट देश की बन गई थी
- गरीब कल्याण हमारे लिए चुनावी घोषणा नहीं बल्कि मिशन
- योगी जी कानून व्यवस्था के विषय में रत्ती भर भी छूट नहीं देने वाले
- इतिहास में अंकित है शक्ति को नष्ट करने का प्रयास करने वालों का क्या हाल हुआ
- कश्मीर में जो पत्थर फेंके गये उन्हें जुटाकर विकसित जम्मू कश्मीर का निर्माण हो रहा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शक्ति उपासना हमारी स्वाभाविक आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है, मगर इंडी एलायंस के लोग खुलेआम चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। उन्हें शायद नहीं पता कि जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने प्रयास किया है, उनका क्या हाल हुआ है वो इतिहास और पुराणों में अंकित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हो चुके हैं। भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशकों पहले ही खत्म हो चुकी है। पीएम मोदी शनिवार को सहारनपुर में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सहारनपुर से बीजेपी प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए जनता से रिकॉर्डतोड़ वोट की अपील की।



### भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है

पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्रनीति पर चलती है। हमारे लिए देश और देशहित से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण हमारे लिए चुनावी घोषणा नहीं बल्कि मिशन है। जबकि, कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। इंडी एलांएंस कमीशन के लिए है और एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है।

### लाभार्थियों को उसका हक मिलना ही सच्चा सेक्युलरिज्म

पीएम ने बताया कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर चुनावी घोषणा नहीं बल्कि हमारा मिशन था। इस वर्ष रामनवमी में हमारे प्रभु श्रीराम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे। ये हमारी पीढ़ी के लिए कितने बड़ा गौरव है। जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाना हमारा मिशन रहा है। ये मिशन भी पूरा हो चुका है। कश्मीर में पत्थरबाजों ने जो पत्थर फेंके थे वो सारे पत्थर जुटाकर मोदी उन्हीं से विकसित जम्मू कश्मीर का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार बिना भेदभाव के काम करती है। हमारी सोच यही है कि सरकार की योजनाएं हर वर्ग, हर जाति, हर व्यक्ति तक पहुंचे। लाभार्थियों को उसका हक मिलना ही सच्चा सेक्युलरिज्म और सामाजिक न्याय है।

### मुस्लिम बेटियां मोदी को आशीर्वाद देती रहेंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक की कुप्रथा का अंत करके करोड़ों मुस्लिम बहनों के हित में काम किया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी मुस्लिम महिला किसी की बेटी और किसी की बहन होती है। जब मां बाप बेटी को ब्याह करके भेजते हैं तो भी मन में चिंता रहती थी कि कहीं दामाद तीन तलाक बोलकर वापस भेज दे। इसलिए तीन तलाक के कानून की परंपरा को खत्म करके सिर्फ मुस्लिम महिला ही नहीं बल्कि पूरे मुस्लिम परिवार को बचाने का काम किया गया है। ये एक काम इतना बड़ा किया गया है कि आने वाली कई सदियों तक मुस्लिम बेटियां मोदी को आशीर्वाद देती रहेंगी।

### योगी जी ने सुरक्षा के साथ साथ निवेश के लिए भी माहौल बनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे योगी जी कानून व्यवस्था के विषय में रत्ती भर भी छूट नहीं देने वाले। भाजपा ने अपराधियों दंगाइयों को काबू किया है। सुरक्षा के साथ साथ निवेश के लिए भी माहौल बनाया है। ये क्षेत्र अपने कृषि उत्पादों के लिए भी जाना जाता है। हमारी सरकार 10 साल से किसान भाइयों के लिए काम कर रही है। किसान की छोटी छोटी जरूरत को लेकर हमारी सरकार संवेदनशील है। देश में छोटे किसानों को पीएम किसान निधि के जरिए मदद की जा रही है। अकेले सहारनपुर में 3 लाख किसानों के खाते में 860 करोड़ रुपए सीधे भेजे जा चुके हैं।

### इंडी गठबंधन अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा। बल्कि विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की सीटें 370 से कम और एनडीए की 400 से कम की जा सके। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं और कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी वहां भी उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं हो रही। हालत ये है कि जिसे उन्होंने टिकट दिया उसने दूसरे दिन अपना इस्तीफा दे दिया। इंडी गठबंधन अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम बन चुका है। इसलिए देश उनकी एक भी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है। यूपी के लोग बहुत जानकार और समझदार हैं। यहां दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है उसे इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। पीएम ने कहा कि काठ की हांडी को इंडी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे।

## मौसम

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

## बाजार

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

## संक्षिप्त समाचार

### अनाथालय में लगी आग, 16 बच्चे और तीन केयरटेकर को दमकल विभाग ने सकुशल निकाला

नोएडा थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 26 स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारण से आग लग गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया। आग में फंसे 16 बच्चों और तीन कर्मचारियों को सकुशल बाहर निकला गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग भवन के स्टोर रूम में लगी थी। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार देर रात दो बजे के करीब दमकल पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 26 के सी-ब्लॉक स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पूरी तरह बुझा दी गई है। उन्होंने बताया कि अनाथालय में रह रहे 16 बच्चों (उम्र 4 वर्ष से 12 वर्ष तक) तथा तीन केयरटेकर को सकुशल भवन से बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आग अनाथालय के स्टोर रूम में लगी थी।

### झोपड़ी में आग लगने से बुजुर्ग महिला की जलकर मौत

बाराबंकी जिले के एक गांव में शुक्रवार दोपहर चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में आग लगने के कारण एक बुजुर्ग महिला की जलकर मौत हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरियाबाद थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि गांव बडनपुर निवासी महिला धीराजा (100) अपने परिवार के साथ गांव के पास स्थित जंगल के किनारे खेतों में झोपड़ी में रह रही थी। आज दोपहर तेज हवा के चलते चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई, जिससे धीराजा की जलकर मौत हो गई।

# समझदार को इशारा काफी है! शरद पवार से नाराज किस दिग्गज नेता का देवेंद्र फडणवीस ने किया जिक्र

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

मुंबई, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने खुलासा किया है कि एनसीपी शरद पवार पार्टी के नेता जयंत पाटिल नाराज हैं। जयंत पाटिल अब अप्रासंगिक हो गये हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि जयंत पाटिल इतने परेशान हैं कि उनकी पार्टी में उन्हें कोई नहीं पूछ रहा है, इसलिए वह अब इस तरह की बातें कर रहे हैं। एक सांकेतिक बयान देवेन्द्र फडणवीस ने दिया है। इतना बड़ा चुनाव हो रहा है, कहां दिख रहे हैं जयंत पाटिल? शरद पवार, सुप्रिया सुले और रोहित पवार नजर आ रहे हैं। कहां हैं जयंत पाटिल? समझदार को इशारा काफी है। देवेन्द्र फडणवीस के इस बयान पर जयंत पाटिल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह भ्रम है कि मेरे टीवी पर नहीं दिखने से जयंत पाटिल नाराज हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं जो मेरी परवाह करते हैं, धन्यवाद। कई लोग सोचते हैं कि मैं टीवी पर न दिखने से परेशान हूं। जयंत पाटिल ने फडणवीस के बयान पर कहा कि लेकिन हमने जो बात की वो टीवी पर नहीं दिखाया गया। यह देखकर अच्छा लगा कि टीवी पर हमें बताने वाला कोई नहीं है, विपक्ष मेरे बारे में चिंतित है।

# कश्मीर से हर भारतीय का वास्ता, वह भारत का अभिन्न अंग है : अमित शाह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, अनुच्छेद 370 को लेकर अब सियासी बवाल छिड़ता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान का हवाला देते हुए अमित शाह ने पलटवार किया है। अमित शाह ने खड़गे के एक वीडियो साक्षा किया है। अमित शाह ने कहा कि यह सुनना शर्मनाक है कि कांग्रेस पार्टी पूछ रही है, ₹कश्मीर से क्या वास्ता है?₹ उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को याद दिलाना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और प्रत्येक राज्य और नागरिक का जम्मू-कश्मीर पर अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का शेष भारत पर अधिकार है। कांग्रेस को यह नहीं



पता कि कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए राजस्थान के कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। लेकिन यह सिर्फ कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। शाह ने कहा कि भारत के विचार को न समझ पाने के लिए अधिकतर कांग्रेस पार्टी की इटालियन संस्कृति ही दोषी है। ऐसे बयानों से हर उस देशभक्त नागरिक को ठेस पहुँचती है जो देश की एकता और अखंडता की परवाह करता है। जनता कांग्रेस को जरूर जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि और कांग्रेस की जानकारी के लिए, यह अनुच्छेद 371 नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 था, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त कर दिया था।

हालाँकि, कांग्रेस से ऐसी भयानक गलतियाँ करने की अपेक्षा ही की जाती है। इसके द्वारा की गई ऐसी भूलों ने दशकों से हमारे देश को परेशान किया है। अमित मालवीय ने एकस पोस्ट में लिखा कि दुखद स्थिति है, जब कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे सोचते हैं कि अनुच्छेद 370 को हटाना कोई राष्ट्रीय मुद्दा नहीं है। स्वतंत्रता के बाद, अनुच्छेद 370 के कारण भारत का एकीकरण एक अधूरा कार्य बना रहा, जो न केवल असंवैधानिक था बल्कि अलोकतांत्रिक भी था। कांग्रेस भारत के विचार के लिए खतरनाक है। विनोद तावड़े ने लिखा कि कश्मीर भारत का 'गौरव' है और हर भारतीय की इससे 'वास्ता' है। दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का निंदनीय बयान दिया है।

# कांग्रेस और भ्रष्टाचार के बीच अटूट रिश्ता : राजनाथ सिंह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी की तरह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारतीय राजनीति के "सर्वश्रेष्ठ फिनिशर" हैं क्योंकि उनकी पार्टी की उपस्थिति हर जगह कम हो रही है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक चुनाव प्रचार रैली में बोलते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार के साथ अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार के बीच एक अटूट रिश्ता है। एक गाना था 'तू चल मैं आई', कांग्रेस और भ्रष्टाचार का रिश्ता वैसा ही है। आपने देखा होगा जहां कांग्रेस आती है, वहां भ्रष्टाचार भी पहुंच जाता है। पार्टी का पतन हो रहा है।



राजनाथ ने सवाल करते हुए कहा कि क्रिकेट में प्रसिद्ध फि निशर कौन है? एम एस धोनी; इसलिए, अगर कोई मुझसे पूछता है कि भारतीय राजनीति का शीर्ष फिनिशर कौन है, तो वह राहुल गांधी होंगे। उन्होंने कहा कि अभी चार महीने पहले ही मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें आप लोगों ने भाजपा की झोली भर दी और रिकॉर्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाई दी है। जब विधानसभा चुनाव हो रहे थे तब कुछ लोग एंटी इनकम्बेंसी की बात कर रहे थे।मगर आपने स्पष्ट बहुमत की सरकार बना दी है।

भाजपा नेता ने कहा कि वैसे हमारी पार्टी यह चाहती है भारत में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। इससे आपका समय बचेगा और देश के संसाधनों की भी बचत होती। देश में वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद समिति ने एक रिपोर्ट दी है। एक साथ चुनाव से लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि एक समय बीमारू राज्य जाना वाला मध्य प्रदेश आज भारत की ग्रोथ इंजन बन चुका है। आज अगर भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से दौड़ रही है तो उसमें मध्य प्रदेश की भी अच्छी खासी भूमिका है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अब छोटे किसानों के लिए सरकार भंडारण से जुड़ी समस्या का समाधान देने का काम कर रही है। इस योजना पर सरकार सवा लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने जा रही है। इसके चलते छोटा किसान किसान भी अपनी उपज का भंडारण कर सकेगा और सही समय पर उसे बेच सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में आये दिन आतंकवादी घटनायें होती थी। मुंबई में हुई आतंकी घटना कितनी बड़ी थी। पिछले दस वर्षों में देश में जम्मू एवं कश्मीर एवं एकाध अन्य स्थानों को छोड़ कर कहीं भी, कोई भी बड़ी आतंकवादी घटना नहीं हुई है।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत, 15 घायल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

भुवनेश्वर। ओडिशा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह गंजम जिले के सोमपुर चौराहे पर एक पिकअप के पलट जाने से डंडा नाता (लोक कला) समूह के दो सदस्यों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। हादसे में घायल हुए व्यक्तियों को हिंजिली अस्पताल ले जाया गया। बाद में उनमें से सात की हालत बिगड़ने पर उन्हें बरहामपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों के सिर में चोट लगी है। डंडा नाता कलाकार एक कार्यक्रम करने के बाद दो पिकअप वैन में दहीमुंडली गांव से खेती बरहामपुर लौट रहे थे। एक अन्य हादसे में जाजपुर जिले के बरुहान चौराहे के पास एक सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के सिमुलुआ गांव निवासी सैंदा जेना (60) और उनके बेटे मुना जेना (27) के रूप में की गई है। वे मोटरसाइकिल से एक रिश्तेदार के यहां से अपने घर वापस आ रहे थे।

# भारत में पड़ने वाली है अब तक की सबसे खतरनाक गर्मी!

**बारिश में खूब पड़ेंगे ओले, बाकि दिन चेहरे पर पड़ेंगे लू के थपेड़े**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार के लिए आंध्र प्रदेश और यनम तटीय क्षेत्रों, गांगेय पश्चिम बंगाल, रायलसीमा, बिहार, तेलंगाना, झारखंड, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा और विदर्भ सहित कई राज्यों में हीटवेव की स्थिति की भविष्यवाणी की है। साथ ही मौसम विभाग ने 7 और 8 अप्रैल के लिए उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के लिए ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने सामान्य से अधिक तापमान वाले क्षेत्रों की भी पहचान की है।



### मौसम चेतावनी आईएमडी की भविष्यवाणी

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, भारत को अप्रैल से जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ेगा, जिसका खामियाजा मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों को भुगतना पड़ेगा। यह 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के विशाल आम चुनावों के साथ मेल खाता है। एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत में आम चुनावों के साथ अगले ढाई महीनों में चरम मौसम की स्थिति का अनुभव होने की संभावना है, जहां लगभग एक अरब लोगों के मतदान करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ₹यह हम सभी के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण होने वाला है। चूंकि हम दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं और चरम मौसम की स्थिति का सामना करते हैं, इसलिए भारत के लिए पहले से तैयारी करना नितांत आवश्यक है।

# भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए दें भाजपा को वोट: सीएम योगी

- सीएम ने सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल व कैराना से लोकसभा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के लिए मांगा वोट
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकताओं को दी बधाई
- बोले – ब्रिटेन का प्रतिष्ठित समाचार पत्र कह रहा, चुन–चुन कर मारे गए थे पाकिस्तानी आतंकवादी
- देश के अंदर आम जनमानस में विश्वास का प्रतीक है भाजपा का कार्यकर्ता: योगी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**सहारनपुर :** संगठन ही सेवा है। कोरोना के दौरान पीएम ने भाजपा के कोटि-कोटि कार्यकताओं को यह मंत्र देकर उन्हें जनता-जनार्दन की सेवा में लगाया था। यही कारण है कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता देश के अंदर आम जनमानस में विश्वास का प्रतीक



बनकर पीएम मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। हम नए भारत के अंदर आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी बना रहे हैं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को सहारनपुर में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल व कैराना से उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर मां शाकुंभरी की पावन धरा पर कोटि-कोटि कार्यकताओं को बधाई दी।

### दुनिया को विकास का मॉडल दे रहा है भारत

सीएम ने कहा कि सहारनपुर उत्तर प्रदेश की नंबर एक की लोकसभा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्रम चुनाव परिणाम में भी देखने को मिलेगा। सीएम ने कहा कि सौभाग्यशाली हैं कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम ऐसे भारत का दर्शन कर रहे हैं, जो दुनिया के अंदर वैश्विक मंच पर ग्लोबल लीडर और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा है। यह भारत दुनिया को विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रम का मॉडल दे रहा है। भारत का यह मॉडल नौजवानों को आजीविका की गारंटी और आस्था को सम्मान दे रहा है। पहले जिन मुद्दों पर चर्चा करने में लोग हिचकते थे, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में उस कार्य को करने में भी कोई रूकावट नहीं आ रही है।

### आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए दुनिया को नेतृत्व देगा भारत

सीएम ने कहा कि दो दिन पहले ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र की रिपोर्टिंग दुनिया का ध्यान आकृष्ट करती है। उसने जिक्र किया है कि 2021-22 में कैसे पाकिस्तान के अंदर चुन-चुनकर आतंकवादी मारे गए थे। कैसे उन्हें नष्ट किया गया था। 'द गार्डियन' की रिपोर्ट का स्रोत तो वही बता सकते हैं, लेकिन संदेश साफ है कि भ्रष्टाचार, अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस है। दुनिया ने माना है कि आतंकवाद चुनौती है। इससे मुक्ति मिलनी ही चाहिए। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में भारत इस चुनौती से निपटने के लिए दुनिया को नेतृत्व देगा।

### हमें किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकास के आधार पर वोट दें

सीएम ने कहा कि मोदी जी ने अमृतकाल में हमें विकसित भारत की संकल्पना दी है। देश में नई बहस प्रारंभ हुई है। जनता-जनार्दन का एक-एक वोट देश की तकदीर व तस्वीर बदलने में सहायक साबित हो सकती है। 2014 के बाद देश में लगातार हुआ परिवर्तन ही इसका आधार है। हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें, जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देखेंगे।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, नहीं लगा कोई सुराग

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर में 3 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस मामला दर्ज कर उसका पता लगा रही है। सरोजनीनगर की अमौसी गांव निवासी चंदिका प्रसाद के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी तनु पिछले तीन दिनों से घर से लापता है। हालाकि परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन खोजबीन के बाद भी उसका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### चुनावी रण में उतरने से पहले अपनों संग मंथन करेगी कांग्रेस

**न्याय पत्र को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम**

लखनऊ। चुनावी रण में उतरने से पहले कांग्रेस अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आठ अप्रैल को मंथन करेगी। लोकसभा में उसके हिस्से आईं 17 सीटों पर स्थानीय मुद्दों पर विमर्श कर कांग्रेस चुनाव प्रचार की शुरूआत करेगी। इसके लिए पार्टी मुख्यालय में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सहारनपुर व मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में सपा नेताओं के साथ संयुक्त सभाओं के प्रस्तावों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को पार्टी मुख्यालय में बुंदेलखंड, प्रयागराज, अवध व पूर्वांचल जोन की बैठक करेंगे। इसके अलावा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों व विभिन्न विभागों के अध्यक्षों के साथ भी बैठकें होंगी। मुख्य रूप से कांग्रेस के न्याय पत्र (घोषणा पत्र) को बूथ स्तर तक लोगों तक पहुंचाने के प्रयासों व अलग-अलग क्षेत्रों के स्थानीय मुद्दों पर विमर्श होगा। पहले दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों के मुद्दों पर अधिक जोर देगी। पदाधिकारियों से उनके क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी भी ली जाएगी।

## सरोजनीनगर विधायक ने किया फ्री लीगल ऐड विषय पर कार्यशाला का शुभारम्भ

**कहा प्रो बोनो क्लब के प्रयास सराहनीय**

**भारत में केवल 10 लाख लोगों तक फ्री लीगल ऐड की पहुँच चिंताजनक है – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**नि:शुल्क कानूनी परामर्श के क्षेत्र में विधि विश्वविद्यालय निभाएं अग्रणी भूमिका झ डॉ. राजेश्वर सिंह**

**सरोजनीनगर में धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस, विधायक ने कहा राम मंदिर निर्माण हमारी अस्मिता से जुड़ा विषय**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आज भारत में विधि परामर्श और विधिक सहायता के लिए भुगतान वहन कर पाने में अक्षम नागरिकों के लिए विधि संस्थानों को आगे आना चाहिए, क्योंकि सभी नागरिकों के लिए न्याय और समानता का अधिकार मौलिक अधिकार है। ये विचार व्यक्त किये हैं सरोजनी नगर से भाजपा विधायक एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. राजेश्वर सिंह ने। मौका था शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में प्रो बोनो क्लब द्वारा आयोजित ह्यसमुदायों को सशक्त बनानाः निःशुल्क कानूनी सहायता के प्रभावी वितरण के लिए रणनीतियाँह्व विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारम्भ का।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह ने ज्ञानवर्धक कार्यशाला के शुभारम्भ को सौभाग्य की बात बताते हुए कहा कि साथ मिलकर, हमने प्रत्येक व्यक्ति के आंतरिक मूल्य और गरिमा को पहचानते हुए, मुफ्त कानूनी सहायता के माध्यम से न्याय तक पहुंच को मजबूत करने की रणनीतियों का पता लगाया। एक वकील के रूप में, मैं उन सुधारों का समर्थन करने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हूं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि न्याय एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक सार्वभौमिक अधिकार है।

डॉ. सिंह ने कहा कि दुनिया के अलग अलग देशों में वकीलों के लिए प्रतिवर्ष कुछ घंटे, प्रो बोनो या निशुल्क कानूनी सहायता अनिवार्य की गयी है, दक्षिण कोरिया में सभी वकीलों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम 30 घंटे निशुल्क कार्य करना अनिवार्य है, जबकि अमेरिकी बार एसोसिएशन प्रतिवर्ष न्यूनतम 50 घंटे निशुल्क सेवा की सिफारिश करती है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में ज्ञानवर्धक कार्यशाला के शुभारम्भ को सौभाग्य की बात बताते हुए कहा कि साथ मिलकर, हमने प्रत्येक व्यक्ति के आंतरिक मूल्य और गरिमा को पहचानते हुए, मुफ्त कानूनी सहायता के माध्यम से न्याय तक पहुंच को मजबूत करने की रणनीतियों का पता लगाया। एक वकील के रूप में, मैं उन सुधारों का समर्थन करने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हूं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि न्याय एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक सार्वभौमिक अधिकार है।

सरोजनीनगर विधायक निशुल्क कानूनी सहायता विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39अ (42वां संशोधन) के अंतर्गत सभी नागरिकों तक निशुल्क कानूनी सहायता सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। संविधान के अ१३ह्ल 14 और 21 भी कानूनी सहायता को रेखांकित करते हैं, शीला बरसे बनाम महाराष्ट्र सरकार जैसे प्रसिद्ध मामले निशुल्क कानूनी सहायता के महत्व को प्रदर्शित करते हैं।

डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा कि सामाजिक न्याय सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, राष्ट्र हित में तथा आर्थिक सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने से विशेष आत्म संतुष्टि की अनुभूति होती है, फिर भी पिछले वर्ष विभिन्न लीगल सोसाइटी द्वारा करीब 10 लाख लोगों को ही निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई गयी।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्कूली पाठ्यक्रम में कानूनी शिक्षा को अनिवार्य बनाने की वकालत करते हुए कहा कि बच्चों को अपने लीगल अधिकारों के बारे में पता होना चाहिए उन्हें डिग्री कॉलेज पहुँचने से पहले ही मोटर वेहिकल एक्ट जैसे कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए, मैंने इसके लिए प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री को पत्र लिखने के अलावा सर्वोच्च न्यायालय में पीआईएल भी दाखिल की है।

सरोजनी नगर विधायक ने डिजिटल शिक्षा के महत्व को प्रकाशित करते हुए बताया कि मैंने अपनी विधानसभा के 25 कॉलेजों में 250 कंप्यूटर प्रदान कर डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की है, विधि विश्वविद्यालय के छात्र लोगों को कानूनी विमर्श प्रदान करने के लिए डिजिटल माध्यमों को अपना हथियार बनाए, वेबसाइट के माध्यम से लोगों से जुड़े, सप्ताहंत में लोगों से मिलें। इसके लिए विधायक ने हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने न्याय के मुद्दे को आगे बढ़ाने में उनके अथक प्रयासों के लिए प्रो बोनो क्लब, विश्वविद्यालय के वीसी प्रोफेसर अमर पाल सिंह, प्रोफेसर दीपक कुमार चौहान, प्रोफेसर मनीष सिंह, डॉ विकास भाटी, श्री अमित खरे, डॉ अमन दीप सिंह और समस्त विश्वविद्यालय परिवार की सराहना की।

## ट्रैक्टर चालक ने किशोरी से किया दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। एक गांव में बीते शुक्रवार को घर में अकेली किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर ट्रैक्टर चालक ने जबरन दुराचार किया ओर मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित किशोरी ने आरोपी के चगुंल से छुटकर घर पहुंचकर देर शाम परिजनो के घर आने पर आपबीती बताई? ।जिसके बाद मां ने पीड़ित बेटी संग कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की???? ।पुलिस ने आरोपी चालक के विरूद्व दुराचार व पाक्सो एक्ट समेत जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकद?मा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये उसे गिरफ्तार किया ।मोहनलालगंज के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते शुक्रवार को पुरा परिवार गेहूं की कटाई के लिये खेतो में चला गया था घर पर 14वर्षीय बेटी अकेली थी, तभी गांव में यूकेलिप्टस पेड़ो के कटान की लकड़ी को ट्रैक्टर-ट्राली में लादने आये चालक लवकुश निवासी हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज बेटी को घर में अकेला देखकर आ धमका ओर उसे बहला-फुसलाकर गांव के बाहर खाली भवन में ले जाकर जबर?न दुराचार किया, बेटी के विरोध कर?ने पर आरोपी ने मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की धमकी दी, किसी तरह आरोपी चालक के चंगुल से छुटकर किशोरी घर पहुंची ओर देर शाम परिजनो के घर आने पर उन्हे आपबीती बताई तो होश उड़ गयें ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की मां के द्वारा दी गयी तहरीर पर आरोपी चालक के विरूद्व दुराचार व पाक्सो एक्ट समेत जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी चालक को गिफ्तार कर लिया गया है ।पीड़ित किशोरी को मेडिकल के लिये जिला अस्पताल भेजा गया हैं।

## पार्टी के स्थापना दिवस पर विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने निकाली बाइक रैली



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।भाजपा पार्टी के स्थापना दिवस पर शनिवार को मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के खुजौली में बने चुनाव कार्यालय से क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने बाइक रैली निकालकर पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर जनता से भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद कौशल किशोर को भारी मतो से जिताने की अपील की ।बाइक रैली का जगह जगह कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया ।विधायक अमरेश कुमार रावत ने कहा ₹फिर से एक बार मोदी सरकार₹ व अबकि बार 400पार के संकल्प को सफल बनाने के लिये पार्टी के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा बाइक रैली निकाली गयी ।रैली में लोकसभा संहसयोजक राज कुमार पांडे, विधानसभा संयोजक शंम्भू पांडे, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, चक्रवीर सिंह, आशुतोष शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, रवि शंकर तिवारी, गुड्डू पासवान समेत काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## ट्रक ने ट्रैक्टर और पुलिस वाहन में मारी टक्कर

**दो की मौत और सिपाही समेत चार घायल; चालक की तलाश जारी**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के नूरपुर बेहटा गांव के पास शनिवार तड़के ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। बचने के चक्कर में उसने रफ्तार बढ़ाई और पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस वाहन में भी टक्कर मार दी।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां दो की मौत हो गई। सिपाही समेत चार का इलाज चल रहा है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। लखीमपुर खीरी के नेवादा गांव निवासी 40 वर्षीय रिंकू सिंह और इचौलिया निवासी जैनेन्द्र की मौत हुई है।

घायल विश्वदीप के मुताबिक शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे ट्रैक्टर में दो ट्राली लगाकर बीबीडी की तरफ जा रहा था। ट्रैक्टर पर पांच लोग सवार थे। नूरपुर बेहटा गांव के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, इससे ट्रैक्टर ट्राली सड़क से पलटते हुए गड्ढे में गिर गई। आरोपित चालक ट्रक लेकर भाग रहा था, तभी रोड के किनारे खड़ी पुलिस वाहन में भी टक्कर मार दिया। पुलिस कर्मी जब तक रोकते वह फरार हो गया।

### सड़क पर रहता है अंधेरा

पुलिस ने बताया कि इस इलाके में स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। ग्रामीणों की तरफ से कई बार स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग की तरफ से कोई भी प्रयास नहीं किया गया। हाल यह है कि आएदिन इस मार्ग पर हादसे होते रहते हैं।

### इन लोगों का चल रहा है इलाज

इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे में घायल विश्वदीप, अशोक कुमार, संजय और सिपाही रोहित गुर्जर का इलाज लोहिया संस्थान में चल रहा है।

## तेंदुआ दिखाई पड़ने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में तेंदुआ दिखाई पड़ने का मैसेज और वीडियो वायरल होने से शनिवार को क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और मैसेज से लोग दहशत में आ गए। वहीं जानकारी पाकर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र के कई स्थानों पर जाकर जांच पड़ताल की। लेकिन ऐसा कोई मामला नहीं पता चल सका। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक जानवर दो मंजिला बिल्डिंग के बगल खाली पड़े एक खेत में घूमता नजर आ रहा है। इसके अलावा वायरल हुए मैसेज में सरोजनीनगर के नई बस्ती, गौरी इलाके में तेंदुआ दिखाई पड़ने का जिक्र किया गया है। मैसेज में यह भी है कि स्थानीय लोगों ने तेंदुए को घूमते हुए उसका वीडियो बना लिया। हालाकि यह मैसेज और वीडियो शनिवार को जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो उसके बाद सक्रिय हुई वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में कई जगह पहुंचकर लोगों से जानकारी की। लेकिन टीम को ऐसा कोई मामला नहीं पता चल सका। वन विभाग की टीम ने यह भी जानकारी करने की कोशिश की कि जिस स्थान पर वीडियो में तेंदुआ टहलते दिखाई दे रहा है, वह स्थान कहां पर है। वन विभाग की टीम ने सुबह से ही कई घंटे तक नई बस्ती, गौरी और गौरी विहार के अलावा उसके आसपास स्थानों पर काफी देर तक कांबिंग की, लेकिन तेंदुए से सम्बन्धित कोई भी जानकारी हासिल नहीं हो सकी। इस मामले में सरोजनीनगर वन रेंज अधिकारी डीसी पंत का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए स्थान के अलावा आसपास क्षेत्र में भी वन विभाग की टीम ने पहुंचकर लोगों से जानकारी की, लेकिन तेंदुआ के दिखाई पड़ने के बारे में कोई भी कुछ नहीं बता सका। साथ ही कहीं पर तेंदुए के पद चिन्ह भी नहीं पाए गए। उन्होंने कहा कि अगर इस बारे में किसी से कोई जानकारी मिलती है तो वन विभाग की टीम फिर से मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल करेगी।

## कार्यकर्ताओं के संघर्ष व समर्पण से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी.... केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। मस्तीपुर में स्थित गुरूकृपा लॉन में शनिवार को भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया ।कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर व विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर व यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी व विधायक अमरेश कुमार रावत ने पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पजंलि अर्पित की ।मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने पार्टी की स्थापना दिवस पर सबको बंधाई देते हुए कहा कि भाजपा की राष्ट्रवादी सोच और कार्यकर्ता का भाजपा के प्रति समर्पित भाव भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाता है। उन्होंने कहा की असंख्य कार्यकताओं के संघर्ष और समर्पण के कारण भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी ।उन्होने भारत को विकसित व आत्मनिर्भर भारत समेत दुनिया का सुपरपावर बनाने के लिये तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की ।विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कार्यकर्तो को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है साथ ही सबसे लोकप्रिय नेता व कर्मठ कार्यकर्ता हमारे पास हैं ।मोदी जी ने 400पार का जो लक्ष्य हमें दिया है वह आप जैसे सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओ के सामर्थ्य के दम पर दिया हैं ।इस लिए हमें मोदी जी के लक्ष्य को सकंल्प लेकर पूरा करना है ओर मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर को भी तीसरी बार भारी मतो से जिताना हैं ।यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं, पार्टी के हर निर्देश का अक्षरशः पालन करते हैं ।उन्होने कहा हम जब स्थापना दिवस मनाते है तो हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम पार्टी के इतिहास विचार और सिद्वांतो को आने वाली पीढी के मध्य लेकर जायें ।उन्होने कार्यकर्ताओ से कौशल किशोर को नौ लाख से अधिक मतो से तीसरी बार जिताने की अपील की। आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी व जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया ।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक राज कुमार पांडे, विधानसभा संयोजक शम्भूनाथ पांडे, जिला महामंत्री राज कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति, गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक अशोक तिवारी, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र दीक्षित, सासंद प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी, मंडल अध्यक्ष चक्रवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, भाजपा नेता हंसराज, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान प्रभाकर द्विवेदी, अभय दीक्षित, ललित शुक्ला, सूर्य कुमार द्विवेदी, युवा नेता आलोक द्विवेदी समेत काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मायावती को झटका

### बदायूं के वरिष्ठ बसपा नेता राजेश कुमार सिंह भाजपा में हुए शामिल

**बाबा गोरखनाथ का किया दर्शन और लिए आशीर्वाद**

**आदरणीय मोदी जी का विजन 80 लोकसभा सीटों पर जीत दिलाना मेरा लक्ष्यझठाकुर राजेश कुमार सिंह**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ/लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा दूसरे दलों को तोड़ने में जुट गई है। इसके तहत सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं को पार्टी ज्वाइन कराई जा रही है। बदायूं में विधानसभा से बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले लोकप्रिय नेता ठाकुर राजेश कुमार सिंह ने लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस खबर के मिलते ही बसपा के खेमे में हलचल मची हुई है।

लखनऊ में दिलाई गई सदस्यता

भाजपा ने 2024 की तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में हर दल में सेंध लगाई जा रही है। बडे.से लेकर छोटे नेताओं को भाजपा में शामिल कराया जा रहा है। सोमवार को लखनऊ में भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य ने बसपा के वरिष्ठ लोकप्रिय नेता ठाकुर राजेश कुमार सिंह को भाजपा पार्टी ज्वाइन कराई। बता दें कि 2022 में बदायूं विधानसभा सीट से राजेश कुमार सिंह ने बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। ये बसपा में लंबे समय से सक्रिय थे।

भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी में शामिल होते हुए ठाकुर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं अब हमेशा भाजपा के साथ रहूंगा तथा पार्टी के लिए दिन-रात काम करूंगा। भाजपा प्रत्याशी को अच्छे वोटों से जिताएंगे। बसपा में दम घुट रहा था, सपा अवसरवादी पार्टी है। उन्होंने बताया कि बसपा की नीतियों से नाखुश होकर उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास वाली पार्टी है। इस पार्टी की नीतियां और योजनाएं पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। इसलिए भारत के एक एक व्यक्ति तक भाजपा की नीतियों को अपनी अंतिम सांस तक ईमानदारी से पहुंचाने का कार्य सच्चे सिपाही के रूप में करता रहूंगा। पार्टी में शामिल होने के बाद बाबा गोरखनाथ जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ राजेश सिंह के सैकड़ो समर्थक मौजूद थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में उतराता मिला शटरिंग मिस्त्री का शव

**मृतक के परिजनों ने हत्या किये जाने का लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शनिवार शाम एक शटरिंग मिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पानी भरे तालाब में उतराता मिला। जानकारी पाकर पहुंचे मृतक के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतक का मोबाइल लापता होने के कारण मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के अमौसी गांव में रहने वाला शिवम रावत (22) शटरिंग लगाने का काम करता था। शनिवार सुबह वह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। शाम करीब साढे छह बजे लोगों ने उसका शव गाँव से कुछ दूर स्थित पानी भरे तालाब में पड़ा देख इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने शव तालाब से बाहर निकालकर इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच-पड़ताल के दौरान मृतक के कपड़े व जूते तालाब के बाहर बरामद हुए। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत होना पता चला है। उन्होंने बताया कि अभी पीड़ित परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यदि पीएम रिर्पोट में हत्या की पुष्टि होती है तो मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल की जाएगी। मृतक के परिजनों ने गाँव के ही दो युवकों पर उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

## बुजुर्ग महिला को अर्धनग्न कर गांव में घूमाने वाले पांच पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। एक गांव में एक साल पहले बुजुर्ग महिला की जमीन कब्जाने की नियत से उसे अर्धनग्न कर घूमाने वाले पांच आरोपियो के विरूद्व न्यायालय के आदेश पर छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं ।निगोहां के एक गांव की बुजुर्ग महिला ने बताया उसकी पैतृक जमीन को कब्जाने के लिये नजर गड़ाये चन्द्र प्रकाश तिवारी ने अपने बेटो मोहित, सोहित, अतुल व सत्यम के साथ मिलकर 1मार्च2023 को उसकी लज्जा भंग करने के आशय से साड़ी खीचकर अर्धनग्ग कर पूरे गांव में घूमाया था आरोपी लाठी डंडो से लैश थे इस लिए किसी ने विरोध भी नही जताया था, स्थानीय पुलिस व एसडीएम से शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुयी थी उल्टा आरोपी उसके बेटो व भतीजो को फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी भी दे रहें थे, जिसके बाद उसने न्यायालय में वाद दायर कर आरोपियों पर कार्यवाही की गुहार लगायी थी, एसीजेएम प्रथम ने निगोहां पुलिस को आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के आदेश दिये थे ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया न्यायालय के आदेश पर पांच आरोपियों के विरूद्व छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के पराग चौराहा आशियाना स्थित कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जोश में नजर आ रहे सरोजनीनगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में हर बूथ जीत कर 400 लखनऊ और मोहनलालगंज में पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प व्यक्त किया।

बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा ने ने जो कहा वो किया, धारा 370 हटाया - कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया, मुस्लिम बहनों को ट्रिपल तलाक से मुक्ति दिलाई, 500 वर्षों की राम मन्दिर निर्माण की तपस्या पूरी हुई। अपने कार्यकताओं के अथक प्रयासों से भाजपा ने 2 सीट से 303 लोकसभा सीट तक का सफर तय किया, भारतीय जनता पार्टी 18 करोड़ से अधिक कार्यकताओं वाली पार्टी है, विश्व के मात्र 8 देशों की जनसंख्या भाजपा परिवार से अधिक है।

कार्यकताओं में जोश का संचार करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता परम प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सबका साथ - सबका विकास का संकल्प पूरा कर रही है, भारत पांचवी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समृद्धि, विकास एवं निवेश का प्रदेश बन गया है। आगामी लोकसभा चुनाव बहुत महत्त्वपूर्ण है, मोदी जी का तीसरा कार्यकाल बड़े फैसलों का कार्यकाल बनें इसके लिए हमें 400 सीटों के लक्ष्य के प्रति दृढ़ समर्पित होना है। इस अवसर पर बक्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला, कर्नल दया शंकर दुबे, रमा शंकर त्रिपाठी, केएन सिंह सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक ने खेली फूलों की होली

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के अंतर्गत घुस्वाल कला तथा मदर टेरेसा पार्क, एलडीए कॉलोनी में आयोजित होली मिलन समारोह में सहभागिता की, इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों के साथ विधायक ने फूलों की होली खेली। इस दौरान विधायक ने सरोजनी नगर में कराये जा रहे कार्यों तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों पर चर्चा की।

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों का किया गया रिहर्सल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मिशन गगन शक्ति के तहत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों का आज रिहर्सल किया गया।रिहर्सल देखने के लिए हजारों महिला पुरुषों का मजमा लगा रहा। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे।अभी कल रविवार को भी रिहर्सल का यह कार्यक्रम जारी रहेगा । लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के खम्भौली गांव के सामने एक्सप्रेस वे पर बनी एयर स्ट्रिप पर लड़ाकू विमानों का लैंडिंग परीक्षण आज किया गया।'गगन शक्ति' अभ्यास के तहत एयरफोर्स के लड़ाकू विमान जगुवार , सुखोई M -30 , ग्लोब मास्टर C-17 , मिराज-2000, कैरियर एयरक्राफ्ट, हरकुएलिस- सी , चिनूक , अपाचे समेत 15 लड़ाकू विमानों नें एक्सप्रेस वे पर टच डाउन किया और वायुवीरो ने 'आकाश से जमीन' तक भारत का शौर्य दिखाया। एक्सप्रेसवे की एयर स्ट्रिप के ऊपर से तेज गडगड़ाहट के साथ 15 लड़ाकू विमान गुजरे और आसमान में गुम हो गए। यह सभी फाइटर जेट एयर स्ट्रिप की लोकेशन ट्रेस कर बक्शी तालाब लखनऊ एयर फोर्स स्टेशन चले गए। दोपहर करीब 1:30 बजे बारी-बारी से 6 सुखोई-30 लड़ाकू विमान तेज आवाज के साथ हवाई पट्टी के रनवे से करीब दस-पंद्रह फिट ऊपर से गुजरे और आगे जाकर लखनऊ की ओर मुड़ गए। इसके बाद चार मिराज लड़ाकू विमान गरजते हुए एयर स्ट्रिप के ऊपर से निकले और पुनः यही विमान लौट कर बारी-बारी से हवाई पट्टी से करीब 50 फीट ऊपर से गुजरते हुए निकल गए।अंत में पांच साउंड लेस एन -32 एयरक्राफ्ट बारी-बारी से हवाई पट्टी के 10 फीट ऊपर से निकले।जिन्हें दर्शक कौतूहल भरी निगाहों से देखते रहे।यह विमान धुआं छोड़ते हुए चल रहे थे और इनकी ध्वनि बहुत कम थी।बाबा की कुटिया के सामने लगे अधिकारियों के पंडाल से उद्घोषक दर्शकों को सभी विमानों की किस्म की जानकारी



लाउडस्पीकर के जरिए देता रहा।

अब रविवार 7 अप्रैल को भी 3 घंटे विमानों का सम्पूर्ण रिहर्सल किया जायेगा।युद्ध की परिस्थितियों में एयर स्ट्रिप पर विमानों की लैंडिंग को लेकर यह रिहर्सल किया जा रहा है।देश से सबसे बड़े युद्धाभ्यास गगन शक्ति-2024 के तहत भारतीय वायुसेना आज लड़ाकू विमानों का बेड़ा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर उतरा।इसके जरिए वायुसेना आपातकालीन स्थितियों में आसमान से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देनें का रिहरसल कर रही है।आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 3.5 किलोमीटर लंबी एअर स्ट्रिप को एयर फोर्स अधिकारियों ने सुरक्षा के घेरे में पहले से ही ले लिया था। एयरफोर्स की निगरानी में यूपीडा कर्मियों ने हवाई पट्टी की सफाई और धुलाई करवाई थी पेंटिंग पूरी की गई। इस दौरान सीओ की मौजूदगी में एयरफोर्स टीम ने अन्य व्यवस्थाओं के लिए जगह का चिह्नांकन पूर्व से ही कर लिया था

साढ़े तीन किमी की हवाई पट्टी क्षेत्र में वाहनों का रूट डायवर्जन कर लिया गया था। मंगलवार से प्रभावी हुए डायवर्जन के बाद बुधवार सुबह यूपीडा कर्मियों ने विमानों की लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी पर बनाई गई लाइन खींची थी।उसी दिन दोपहर बाद प्रेशर जेट के जरिए हवाई पट्टी की साफसफाई और धुलाई की गई थी ।जानकारों की माने तो विमान की लैंडिंग के दौरान छोटी से गिट्टी भी बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है इस लिए हवाई पट्टी को हाथ से साफ कराया गया था ।इसदौरान सीओ बांगरमऊ अरविंद सिंह, कोतवाल राजकुमार, एयरफोर्स टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे थे।

एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) रडार के जरिए आसमान के ट्रैफिक पर नजर रखता है। यह सिस्टम आसमान में हादसा रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके जरिए आसमान में मौजूद विमान की स्थिति, मौसम की जानकारी रेडियो की मदद से कॉकपिट में मौजूद चालक को दी जाती है।एयरफोर्स टीम ने एटीसी लगाने के लिए जगह का चिह्नांकन कर एटीसी लगा दी थी।

गगन शक्ति युद्धाभ्यास देखने के लिए कई हजार तक दर्शक आने की उम्मीद से उन्हें तेज धूप से बचाने को पंडाल लगाया गया था। एयरफोर्स टीम ने पहले से ही पंडाल लगाने के लिए तय जगह पर कर्मियों को साफ सफाई के निर्देश दे दिए थे और शुक्रवार देर शाम से ही पंडाल लगा दिया गया था।जो आज दर्शकों से खचाखच भरा रहा।एयरफोर्स के वीआईपी और वीवीआईपी भी कार्यक्रम देखने पहुंचें। इसके साथ कई गणमान्य भी आये । उनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने खास इंतजाम किए थे । कार्यक्रम स्थल पर पुलिस कर्मियों की विशेष नजर रही ।इसके तहत छत और पेड़ों के ऊपर अत्याधुनिक हथियारों से लैस स्नाइपर तैनात किए गए। जो जरा सी गड़बड़ी की संभावना होने पर एक्शन ले कर स्थिति नियंत्रण करते ।

हवाई पट्टी के आसपास मौजूद है बतपुर, कबीरपुर, खंभोली, शीतलगंज गांवों से कुछ मिनटों के भीतर ही कार्यक्रम स्थल के पास भीड़ जमा होने लगी । ऐसे में लोगों का उत्साह भी पुलिस के लिए चिंता का कारण बना रहा।

जानकारों की माने तो पिछली बार जब साल 2016 में विमान हवाई पट्टी पर उतरे थे तो करीब एक लाख लोग हवाई पट्टी के पास पहुंच गए थे तब कड़ी मशक्कत के बाद भीड़ पर काबू पाया जा सका था। इसबार पुलिस ने पहले ही भीड़ से निपटने के लिए जरूरी इंतजाम कर लिए थे । और उत्साहित भीड़ को रोकने के लिए पुलिस टीम की रस्सा पार्टी को कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

## सूर्य ग्रहण का भारत पर नही पड़ेगा कोई प्रभाव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सूर्य ग्रहण का भारत मे कोई प्रभाव नही पड़ेगा,यह विदेश में दिखाई देगा जहाँ इसका प्रभाव पड़ेगा। यह बात आचार्य ऋषिकान्त मिश्र शास्त्री ने कही।उन्होंने कहा कि चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या दिन सोमवार दिनांक 8 अप्रैल 2024 को पड़ने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा और न ही भारत में इसका कोई असर रहेगा क्योंकि रात्रि 9.12 बजे से रात्रि 2.22 बजे तक विदेशों में ही दिखाई देगा और वही इस ग्रहण का प्रभाव रहेगा।कहा कि जहां ग्रहण होता है वहीं उसका असर पड़ता है। भारत में इसका कोई असर नहीं होगा।दैनिक कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से बिना किसी शंका के अपने पूजन पाठ मंदिर दर्शन तथा गर्भवती महिलाओं को भी मनाने की जरूरत नहीं है।8 अप्रैल को ही सोमवती अमावस्या का पर्व मनाया जायेगा। सोमवती अमावस्या को पीपल वृक्ष में सौभाग्य प्राप्त के लिए पीपल प्रदक्षिणा कर यथा शक्ति सौभाग्य सूचक सामग्री का दान कर सुख समृद्धि संतान के उज्जवल भविष्य तथा आरोग्यता प्राप्त कर पति की दीघार्यु की कामना के लिए किया जाता है।सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त जन सदाचरण में तत्पर होते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर कई घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना अंतर्गत पुरवा रोड पर शनिवार सुबह गौरा पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से आटो खंती में जाकर पलट गया। हादसे में उस पर सवार आंगनबाड़ी कार्यकत्री व एएनएम घायल हो गई। दोनों को इलाज के बिछिया सीएचसी लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुरवा कोतवाली के मऊ सुल्तानपुर निवासी कमलेश कुमारी (35) पत्नी देव कुमार आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। गंगाघाट कोतवाली के मोहल्ला आनंद नगर निवासी सुलेखा (22) पुत्री केशन लाल बिछिया सीएचसी में एएनएम है।शनिवार सुबह दोनों आटो पर सवार होकर ड्यूटी जा रही थी। दही थाना क्षेत्र के गौरा पुल के निकट अज्ञात वाहन आटो में टक्कर मार कर फरार हो गया। जिससे अनियंत्रित आटो खंती में जाकर पलट गया।हादसे दोनों महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी को इलाज के लिए सीएचसी बिछिया पहुंचाया। जहां डाक्टर ने कमलेश कुमारी और सुलेखा को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य मामूली घायलों को सीएचसी में ही प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।बीती 29 मार्च को गांव के दो लोगों के पड़ोसी जनपद हरदोई भैंस खरीदने गया अधेड़ सड़क हादसे में घायल हो गया। उपचार के दौरान लखनऊ के निजी अस्पताल में बीती रात उसकी मौत हो गई।शव लेकर घर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर साथ रहे लोगों पर पचास हजार रुपए गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बांगरमऊ कोतवाली के सिरधरपुर गैर एहतमाली निवासी पप्पू (50) अलीदाद गांव के ही निजी स्कूल में चपरासी था। भतीजे मोहम्मद वसीम ने बताया कि बीती 29 मार्च को हरदोई जनपद के बगदाद गांव भैंस खरीदने के लिए बाइक से निकले थे। उनके साथ गांव का ही बल्ले पुत्र होरीलाल और उसका बहनोई भी गया था। दोपहर उन्होंने फोन पर जानकारी दी कि पप्पू का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने ही उसे घायल अवस्था में हरदोई के एक अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों के वहां पहुंचने बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बीती देर शाम पप्पू की मौत हो गई। मौत की सूचना से पत्नी सहरून कुरैसा, बच्चों आसिफ अली, अभिषेक, बिलकिस, शिवा, खुशनुमा सभी रो रोकर बेहाल हैं। बड़े बेटे आसिफ अली में पुलिस को दी गई तहरीर में पिता के साथ गए बल्ले और उसके बहनोई पर 50 हजार रुपए पार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की बात कही है।

## भूमि बिक्री का रुपिया हड़प लेने का बेटी दामाद पर महिला ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। मोहान नगर पंचायत खुर्द जागीर मोहल्ला निवासी रानी देवी 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय शिवनारायण सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मोहान हरौनी मार्ग मोहद्दीन पुर गांव के पास 12 बिसुवा रोड के किनारे जमीन थी। पीड़िता ने लखनऊ जिला निवासी सलीम को 78 लाख रुपए में बेच दी थी ,क्रेता ने विक्रेता को 14 लाख रुपए बैयाना के तौर पर स्टेट बैंक के खाते में डलवा दिए, शेष 64 लाख रुपए 6 फरवरी 2024 को नकद देकर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली, ।पीड़िता की बेटी सुकांति व पति दीपू उर्फ आलोक सिंह , ससुर जमुना सिंह, व चाचा लालता सिंह,निवासी आसीवन थाना क्षेत्र कादिल पुर ने पीड़िता को हसनगंज कस्बे में बैंक आफ इंडिया में रुपए जमा करवाने के लिए साथ लेकर गए। लेकिन बेटी सहित अन्य ससुरालीजनो ने वृद्ध महिला से 64 लाख रुपए कादिल पुर घर लेकर चले गए। पीड़िता ने बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए कहा तो बेटी सुकांती ने लखनऊ में प्लाट लेने का झांसा देकर रुपए हड़प लिए पीड़िता ने कोतवाली में आरोप लगाया की आठ लाख रुपए बेटी ने पहले ही खाते से निकलवा कर ले लिए और अब 64 लाख रुपए लेने का आरोप बेटी ,दामाद ,ससुर सहित चाचा पर बहला फुसलाकर लेने का लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया की वृद्ध महिला ने प्रार्थना पत्र दिया है। जांच की जा रही है। जॉच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। 13 मई को जिले में मतदान होना है जिसकी तैयारी में जुटे अधिकारियों ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके लोगों में जागरूकता आए, मजबूत लोकतंत्र में आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित हो इस पहल को ध्यान में रखकर शनिवार को नवाबगंज के चमरौली राजकीय इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई बच्चों के हाथों में ताखतीय बैनर पोस्टर थे जिसमें मतदान का प्रयोग कैसेकरना है स्लोगन लिखे हुए थे कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी ने बच्चों से बातचीत करते हुए पूछा की मतदान क्यों जरूरी है कक्षा 9 की छात्रा पूजा शर्मा ने बताया हमें किसे अपना जन प्रतिनिधि चुनना है वह अधिकार हमें मतदान ही देता है



जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों से अपील की 13 माई को आप सबको अपने पापा चाचा भाई बहनों को पहले मतदान के लिए प्रेरित करना है इस बार उन्नाव में सबसे ज्यादा मतदान हो मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान ही एकमात्र विकल्प हैजैसे आप लोग होली दिवाली मनाते हो इस तरह 13 माई को देश का सबसे बड़ा पर्व मतदान को भी मानना है मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के बच्चों के साथ खालसा डिग्री कॉलेज के बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी इस दौरान उप जिला अधिकारी हसनगंज हिमांशु तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा स्थानी लेखपाल यज्ञ प्रकाश दीक्षित राकेश दीक्षित प्रधान प्रतिनिधि पाली समेत के अन्य मौजूद रहे।

## भारतीय जनसंघ के संस्थापक की मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नानामऊ मार्ग तिराहा स्थित ब्लॉक प्रमुख सुनीता दिवाकर के आवास पर आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह में भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन लाल दिवाकर ने कहा कि डॉ मुखर्जी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के शिल्पी थे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था और वह आजीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी का मानना था कि जन भागीदारी के बिना कोई देश प्रगति नहीं कर सकता। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर आज भाजपा विश्व की सबसे पार्टी बन गई है। समारोह में विजयपाल कुशवाहा प्रधान, विजय निषाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य,पप्पू त्रिवेदी, विवेक शर्मा , अमित दिवाकर व मनीष त्रिपाठी आदि सहित सैकड़ों लोगों ने डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।वहीं फतेहपुर चौरासी मै भाजपा स्थापना दिवस की मौके पर बूथ संख्या 244, 245, 246 पर बूथ अध्यक्ष जसवंत कश्यप बूथ अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्रा बूथ अध्यक्ष प्रवीण द्विवेदी के साथ स्थापना दिवस मनाया गया और देवतुल्य कार्यकताओं से स्थापना दिवस के विषय में चर्चा की गई। शक्ति केंद्र फतेहपुर चौरासी के संयोजक जगदीश प्रसाद सैनी व अन्य कार्यकर्ता बंधु इस अवसर पर मौजूद रहे।

## डिग्री कालेज में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यकम

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित एसेंट-खालसा डिग्री कालेज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 स्वीप के अन्तर्गत जिला अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव भी एक पर्व की तरह है और हम सभी को मिलकर इसे मनाना है, यही हम सभी का संकल्प होना चाहिए। आपका एक-एक वोट हमारे लोकतन्त्र के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 18 साल के ऊपर के जो भी छात्र-छात्राएं हैं, वह अपना वोट जरूर बनवा लें और लोकतन्त्र के इस महापर्व में अपना मतदान अवश्य करें। इस दौरान राठी ने स्कूल की कुछ छात्राओं से वातार्लाप भी किया और उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली। एक छात्रा के प्रश्न के उत्तर में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव इसलिए करवाया जाता है ताकि लोकतंत्र में एक व्यवस्था के जरिए देश की जनता अपनी सरकार का चुनाव स्वयं कर सके। उन्होंने समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 13 मई को सभी मतदाता अपने सारे कार्य छोड़कर मतदान अवश्य करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि सभी युवा मतदाता गण स्वयं मतदान करें तथा अपने परिवार और नजदीक के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के उरान्त स्कूल चेयरमैन सरदार गुरूशरण सिंह और उप चेयर पर्सन सुरजीत कौर द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों का पुष्पगुच्छ और मतदाता जागरूकता स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यकम के समापन अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में स्कूल की कई छात्राओ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर गीत और स्लोगन सुनाए गए। कार्यकम का संचालन सरदार अनमोल सिंह द्वारा किया गया।जागरूकता कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, उप जिला अधिकारी हसनगंज हिमांशु गुप्ता, तहसीलदार हसनगंज विकास करवरिया, लेखपाल वाई0पी0 दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध कच्ची शराब समेत दो महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 60 लीटर अवैध कच्ची बरामद कर दो लोगो पर वैधानिक कार्यवाही की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केदारखेड़ा में मुखबिर की खास सूचना के आधार आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह मय हम फोर्स छापा मारा गया ।मौके पर मय माल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बेचते हुए विशुन देवी पत्नी मुनेस्वर निवासी केदारखेड़ा को गिरफ्तार किया गया व रेखा देवी पत्नी ईस्वर चंद्र कहार निवासी रावतपुर सधनवा खेडा के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया अवैध कच्ची शराब प्रतिबंधित है। दो अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।




## विद्युत करंट से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले में शनिवार सुबह ई रिक्शा की चार्जिंग हटाते वक्त अधेड़ करंट की चपेट में आ गया। पति को करंट की चपेट में आया देख पत्नी ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गयी। जिससे दंपति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। दंपति की मौत से आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। एक साथ दो मौते होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्री नगर मोहल्ला के रहने वाले 55 वर्षीय मचकन्दर सिंह खुद का ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बेटे शिवम ने बताया कि पिता प्रतिदिन घर के बाहर ई रिक्शा चार्जिंग पर लगाते थे। शुक्रवार रात उन्होंने ई रिक्शा चार्जिंग के लिये घर के बाहर लगा रखा था। शनिवार सुबह करीब 6 बजे ई रिक्शा की चार्जिंग हटाने के दौरान करंट की चपेट में आ गये। चीख पुकार सुन घर में मौजूद मां गुड्डी देवी उन्हें बचाने पहुंची तो वह भी करंट की चपेट में आ गयी। करंट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक साथ दो मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एक साथ माता- पिता की मौत होने से बेटे शिवम और तीन बेटियां प्रीति, दीक्षा और पूनम का रो-रोकर आहत होते रहे।

## राम चरित मानस प्रेम और जीवन जीने की सिखाती है कला

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। ब्लाक के गांव सेमरीमऊ में चल रही रामकथा के नौवें दिन चित्रकूट से पधारे बालक राम बाबा ने रामकथा के आखिरी दिन प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया महाराज श्री ने मानसप्रेमियों को बताया कि रामचरितमानस प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है। आखिरी दिन राज्याभिषेक के समय राजा रामचंद्र जी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा । उन्होंने रावण वध और राम राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। बताया कि भगवान राम जब रावण को मारकर अयोध्या वापस आए तो अयोध्यावासियों ने उनका बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया !अयोध्यावासियों ने फूल वर्षा कर तथा घर में उत्सव मनाकर घी के



दिए लाकर के राम, लक्ष्मण तथा सीता का स्वागत किया। श्री रामचंद्र के राज्याभिषेक में समस्त ब्रह्मांड के देवी देवता पधारे थे। सभी ने राम को राजा बनते देखकर अपार हर्ष व्यक्त किया था !मुख्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा संगठन द्वारा किया गया इस दौरान लीलावती ,आशा देवी ,सीमा शुक्ला ,प्रतिमा शुक्ला ,राम दुलारी ,अभय पटेल , नीलेश ,जितेन्द्र ,राकेश शुक्ला ,विपिन बाजपेई ,प्रमोद सहित आदि लोग मौजूद रहे !

## 26 वीं शब में कुरान पाक माह कराया मुकम्मल

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। मुस्लिम समुदाय के पाक महीने माहे रमजान की विशेष नमाज तरावीह 26 वीं शब में कस्बे के मोहल्ला मियाटोला स्थित मालिन टोला मस्जिद में कारी महेंदी हसन ने माहे रमजान की 26 वीं शब में कुरान पाक मुकम्मल कराया ।तरावीह पढ़ने वाले नमाज़ियों के द्वारा कारी महेंदी हसन और मुअज्जन जियायुद्दीन को माला पहनाकर मुबारक दी गई। हाफि ज गुलाम वारिस ने कुरान और रमजान के रिश्ते को बयां करते हुए कहा कि पवित्र माह रमजान में ही कुरान पाक नाज़िल हुआ था। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को कुरान की शिक्षा अवश्य दिलाने का आह्वान किया हैं इस दौरान मौलाना इस्लामुद्दीन, मौलाना दिलदार, हाफि ज नसीरुद्दीन, सरफुद्दीन वारसी, रियाजुद्दीन वारसी, अदीब हसन, बहरुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

## मार्ग जाम से कराह उठे राहगीर

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को कस्बे के बस स्टेशन के पास अचलगंज तिराहे पर एक डंपर के मोड़ने के दौरान अचानक कुछ खराबी आ गई ।जिसके चलते मार्ग को दोनों तरफ लगभग एक किमी तक जाम लग गया। उक्त स्थान पर पुलिस पिकेट होने के बावजूद भी पुलिस के ना होने से राहगीरो को भयानक धूप में किसी तरह कड़ी मशक्कत कर डंपर को किनारे कराया ।जिसके बाद जाम खुल सका ।इस दौरान लगभग आधा घंटा जाम लगा रहा ।कोतवाल कुंवर बहादुर सिं ने बताया कि डायवर्जन के चलते मार्ग पर वाहनो का आवागमन बढ़ गया हैं ।पुलिस को भेजकर जाम खुलवा दिया गया हैं।

## बोर्ड के सदस्यों ने विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत आज एक नगर पंचायत की बोर्ड के सदस्यो द्वारा नगर पंचायत के विकास का स्थलीय निरीक्षण किया गया, नगर क्षेत्र सहित पंचायत कार्यालय में वार्ड सदस्यो के इस अभियाम को लेकर तरह तरह की चचायें हो रही हैं। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में इन दोनों विकास की धारा तेजी से बह रही है। विकास की इस धारा को तेज गति मिलने से नगर पंचायत में जहां उत्सुकता एवं साथ में पीड़ा भी है। विकास कार्यों में हो रही अनियमितताओं की चचाएं सोशल मीडिया पर भी हैं। शिकायतों से आजिज होकर नगर पंचायत के बोर्ड के सदस्यों द्वारा आज विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। बताते चलें की कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर नगर पंचायत सीमा में एक जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। तमाम लोगों द्वारा निर्माण कार्य को लेकर उंगलियां भी उठाई गई। नगर पंचायत के अध्यक्ष द्वारा कोई रूचि न लेने के कारण आज नगर पंचायत के वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम वाजपेई के नेतृत्व में आधा दर्जन नगर पंचायत के सदस्य नाला निर्माण कार्य देखने पहुंचे। एक सदस्य ने बताया कि मानक के अनुरूप निर्माण कार्य में गुणवत्ता न मिलने की तकलीफ हुई। निर्माण कार्य कर रही संस्था को सुधार के लिए चेतावनी भी दी गई। नगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जानने हेतु नगर पंचायत के सदस्य पहुंचे हैं,यह खबर जैसे ही प्रसार में आई नगर पंचायत में विभिन्न स्थानों पर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई। चर्चा है कि जिम्मेदारों के पास इतना समय नहीं है की वह निर्माण कार्य की स्थिति देख सकें, या निर्माण कार्य से इतनी खुश हैं कि वहां पहुंचाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। वार्ड सदस्यों की यह पहला क्या रंग लाती है यहां भविष्य के गर्भ में है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह मेले का किया गया आयोजन

बीघापुर, उन्नाव। विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय ससान में आज प्रतिभा सम्मान समारोह मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम बीघापुर क्षितिज द्विवेदी एवम खंड शिक्षा अधिकारी बीघापुर शुचि गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प एवम दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत छोटे छोटे बच्चो द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बीघापुर ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के द्वारा समाज का सर्वांगडीय विकास का जिम्मा आज के छात्रों और शिक्षको के कंधो पर है। उन्होंने कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित जन समूह और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है साथ ही शासन द्वारा निर्धारित सभी योजनाओं का लाभ बच्चो को दिया जाता है। उन्होंने नव प्रवेश लेने वाले बच्चो को उपहार एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया ।कार्यक्रम संयोजक प्रधान शिक्षिका नेहा साहू ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित शुक्ला,संकुल शिक्षक निखिल कांत, आँचल धवन, भरत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# वाणिज्यिक तेल भंडार से ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी

एक तरफ जहां भारत वैकल्पिक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से नीतिगत और औद्योगिक कदम बढ़ा रहा है, वहीं ऊर्जा सुरक्षा व निर्भरता हासिल करने के लिए वह अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण भी बनाने जा रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए किफायती व प्रचूर ऊर्जा उपलब्धता जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। भारत दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। सरकार की योजना कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने की है। आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं, लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा। अमेरिका, चीन, जापान, यूके आदि देश भी इमरजेंसी की स्थिति के लिए तेल का भंडारण करते हैं। भारत के पास रणनीतिक तेल भंडार बहुत पहले से है और वो काफी सुदृढ़ है। इससे समय समय पर तेल की आपूर्ति भी बाजार को की गई है। स्ट्रेटेजिक के साथ वाणिज्यिक तेल का भंडारण करना सरकार की अनूठी पहल है। सरकार व निजी कंपनियां मिल कर कच्चे तेल का एक भंडार अपने पास रखती हैं, इसका इस्तेमाल इमरजेंसी में किया जाता है। जैसे युद्ध या प्रतिबंध जैसे हालात। इसी भंडार को रणनीतिक तेल भंडारण कहा जाता है। 1973 के तेल संकट के बाद भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की स्थापना की गई थी, इसके सभी सदस्य्य देशों के लिए 90 दिनों का तेल का भंडार रखना अनिवार्य है। भारत के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3.7 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार है।

# 75वीं पुण्यतिथि पर विशेष.....07 अप्रैल 2024



श्री पूर्णानन्दतीर्थ (श्री उड़िया बाबाजी महाराज)

परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज भारत के सिद्ध संतों में एक थे। उनका अद्भुत जीवन संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श रूप था। उनकी कृपा से असंख्य लोगों में भक्ति और ज्ञान की जागृति हुई। चैत्र कृष्ण चतुर्दशी रविवार, 7 अप्रैल 2024 को उनका 75वां निर्वाण दिवस है। आज भी उनकी परंपरा में परमपूज्य स्वामी श्री अखंडानंद सरस्वती एवं उनके कृपा पात्र जगदगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती के आशीर्वाद से वर्तमान में श्री उड़िया बाबा आश्रम वृंदावन धाम में सुचारू रूप से चल रहा है। उनके समकालीन संतों में पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज, श्री हरि बाबा जी, श्रीश्री मां आनंदमई, स्वामी श्री गंगेश्वरानंद जी महाराज, स्वामी श्री शरणानंद जी व अन्यान्य महान संत उनके साथ वेदांत सत्संग करते रहे। श्री उड़िया बाबा जी के अनन्य भक्तों में जगदगुरु शंकराचार्य श्री शांतानंद सरस्वती, स्वामी श्री प्रबोधानंद सरस्वती, महर्षि कार्तिकेय जी, श्री पलटू बाबा जी, गोवर्धन के सिद्ध संत पंडित गया प्रसाद जी, स्वामी सिद्धेश्वराश्रम जी व अन्य संतों के नाम उल्लेखनीय हैं।

परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबा जी महाराज को बाल्यकाल से ही अनंत सिद्धियां प्राप्त थीं। मां अन्नपूर्णा उनको सिद्ध थीं। कैसा भी बीहड़ जंगल हो, सभी लोगों के भोजन की व्यवस्था वह अपनी सिद्धि से कर दिया करते थे। जहां कहीं भी वे रहते बराबर भंडारों का तांता लगा रहता था। उन्होंने अनेक भक्तों को प्राण दान दिया। रोग मुक्त किया। आर्थिक संकटों से उवारा एवं अन्य आपत्तियों से रक्षा की। भक्त उनका भगवान शिव के भाव से रुद्राभिषेक करते तो कभी कृष्ण रूप में उनकी झांकियां सजाते। कई उत्सवों पर भक्त इष्ट रूप में उनका पूजन- अर्चन करते थे। वह भक्तों के लिए सबकुछ करते हुए भी इस भाव से रहते थे कि जैसे उन्होंने कुछ नहीं किया।

उड़िया बाबाजी महाराज ने कामाख्या में मां जगदंबा की आराधना की तो मां साक्षात प्रकट हुईं और उनको एकाकार कर लिया। कालांतर में वह नित्य निरंतर समाधि में लीन रहते थे परमपूज्य स्वामी श्री अखंडानंद जी महाराज के कथनानुसार उड़िया बाबाजी का स्वरूप अलौकिक था। बाबा के विचार का उत्कर्ष, चित्त की समाधि, जीवन की प्रेममयता और रहने की सादगी पास रहकर देखने योग्य थी। भक्त लोग उनको सर्वज्ञ एवं सर्वशक्तिमान मानते थे। बहुतों के तो वह महज सद्गुरु ही नहीं बल्कि इष्टदेव भी थे। उन्होंने अपने निजी संस्मरण में एक अद्भुत प्रसंग का उल्लेख किया है। एक दिन की बात है कि जब वह संन्यासी भी नहीं हुये थे, रात्रि के समय आश्रम की छत पर लेटे हुए थे। पास ही संन्यासी मित्र स्वामी निर्मल दासजी थे। दोनों ने निश्चय किया कि कहीं एकांत में चलकर साथ-साथ रहा जाए। प्रातः काल 4 बजे दोनों वेदांत के सत्संग में श्री उड़िया बाबाजी महाराज के पास गए तो वो बोले, तुम दोनों का एक साथ रहना ठीक नहीं है। उन्होंने (अखंडानंदजी) ने सोचा कि क्या महाराजजी ने मन की बात जान ली है ? यदि यह सही है तो इस समय ही वो मुझे खाने के लिए कोई चीज दें। तब मैं समझूंगा कि वह मेरे मन की बात जान गए हैं। इतने में तुरंत उड़िया बाबाजी ने एक सेवक को पुकार कर कहा, भइया इनको इस समय भूख लगी है। कुछ लाओ तो। सेवक कुछ खाद्य सामग्री ले आया और प्रसाद में बहुत से केले और पेड़े दिये। स्वामीजी कहते हैं कि वह लज्जा और संकोच से दब गये। श्री महाराज जी के विषय में ऐसी एक नहीं, अनेक घटनाएं जीवन में देखने में आयीं।

साधन काल में बाबा कभी लेट कर नहीं सोते थे। 10 वर्ष तक वो लेटे नहीं थे। बैठे रहते थे या चलते थे। कभी उनको दो-तीन घंटे से अधिक सोते हुए किसी ने नहीं देखा। जीवन पर्यंत उन्होंने कठोर साधना की। उनकी रहनी आश्चर्यमय थी।

श्री उड़िया बाबाजी महाराज भक्तों और जिज्ञासुओं के साथ परमार्थ चर्चा करते थे। उनके श्रीमुख से जो वचानामृत निकलते थे, उनसे सभी को बहुत शांति का अनुभव होता था। उनके जीवन काल में ही गीता प्रेस गोरखपुर से उनके उपदेशों का एक संग्रह प्रकाशित हुआ था। बाद में उनके आश्रम से श्री उड़िया बाबाजी के उपदेश प्रकाशित हुए।

श्री उड़िया बाबा जी महाराज बोलते थे कि दुर्गा पाठ में अलौकिक व असीम शक्ति है। दुर्गा पाठ से असंभव भी संभव हो जाता है। श्री दुर्गा सप्तशती के अर्गला, कीलक और कवच पाठ से सारे कार्य सिद्ध हो जाते हैं। नाम जप पर उनका बहुत जोर रहता था। बाबा ने बताया था कि जप सबसे कठिन चीज है। ज्ञान और ध्यान से जप को वह कठिन समझते थे। वह कहते थे कि सब प्रकार की बातें छोड़कर निरंतर एक ही मंत्र का जप करते रहना साधारण बात नहीं है ।

जप में विलक्षण शक्ति होती है। मंत्र से भी बड़ा नाम होता है क्योंकि मंत्र जप में विधि का बंधन है जबकि नाम जप में विधि विधान की कोई आवश्यकता नहीं है। जिनकी राम नाम में निष्ठा हो गई उसके लिए संसार में क्या काम बाकी रहा ? जब कृष्ण का नाम लो तो स्वयं को गोलोक में समझो। नाम जप से नित्य-निरंतर चमत्कार होते रहते हैं।

वृंदावन में श्री उड़िया बाबाजी महाराज के श्रीकृष्ण आश्रम की बड़ी ख्याति थी। भक्तों, साधकों, संतों का वहां तांता लगा रहता था। जीवन में शुद्धि, वैराग्य और अभ्यास पर बाबा का बहुत जोर रहता था। उत्सवों में जब भीड़ होती थी तब बाबा को इस बात की बड़ी चिंता रहती थी कि? कोई भूखा न रह जाए। वह कहते थे खाने का आनंद जीव का है और खिलाने का आनंद ईश्वर का है। ध्यान का मर्म बताते हुए बाबा कहते थे कि ध्यान के समय मुख्य रूप से अपने ईष्ट के स्वरूप का ही चिंतन करना चाहिए। यदि स्वरूप में चित्त स्थिर न हो तो ईश्वर की लीलाओं का गायन करना चाहिए। रोना हो तो इष्ट देव की किसी लीला का चिंतन करते हुए रोया करें। हंसना हो तो भी उसकी लीला का ही आश्रय लेकर हंसें। इस तरह ईष्टदेव का चिंतन करना ही ध्यान है।

परम पूज्य श्री उड़िया जी महाराज के निर्वाण के बाद उनके श्रीकृष्ण आश्रम में भक्तों ने उनका भव्य मंदिर बनाया। उसमें उनके अर्चा विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई। उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने पर लोगों ने तरह-तरह की अनुभव महसूस किये। किसी को उनके नेत्र हिलते दिखाई दिए तो किसी को उनके हृदय में धड़कन का अहसास हुआ। इससे भक्तों को ऐसा लगा कि बाबाजी जो हमें छोड़कर चले गए थे, वह वापस आ गए हैं। आज भी मंदिर में उनके दर्शन कर असीम कृपा की अनुभूति होती है। उनकी समाधि पर रोमांच का वातावरण रहता है और भक्तों को विलक्षण अनुभव होते हैं।

श्री उड़िया बाबा के आश्रम के सामने उनके अभिन्न रूप स्वामी अखंडानंदजी महाराज के आश्रम में भी नित्य कृपा बरसती रहती है और नित्य वेदांत, सत्संग, कथा, संतों की सेवा से भक्तों को परमाश्रय प्राप्त होता है।

ऐसे परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन। उनके 75वें निर्वाण महोत्सव पर असीम श्रद्धांजलि।

सदैव प्रभुपदाश्रित



पूर्णोत्तम दीक्षित
(लेखक सुप्रसिद्ध अध्यात्मवेत्ता एवं संत हैं)

## सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के प्रयास के बाद इस रॉक गार्डन को तैयार कर सके।

## दरकार

आशीष वशिष्ठ



# चुनाव में पर्यावरण हो मुद्दा

अठारहवीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वादों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है, लेकिन वादों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ -साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं, परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण का बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए

# स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार अपनाएं- बीमारियों को दूर भगाएं

## "मेरा स्वास्थ्य - मेरा अधिकार" थीम के साथ इस साल मनाया जा रहा विश्व स्वास्थ्य दिवस

विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) पर विशेष



लेखक - मुकेश कुमार शर्मा

हिन्दी दैनिक ह्लअमन लेखनीह्व लखनऊ

राष्ट्र की उन्नति के लिए हर किसी का पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं खुशहाल होना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ नागरिकों से ही समृद्ध राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। यही कारण है कि स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने के प्रति जागरूकता के लिए ही हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना दिवस यानि सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका मूल मकसद लोगों को स्वस्थ जीवनयापन के लिए जरूरी परामर्श प्रदान करने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। हर साल अलग-अलग थीम पर मनाये जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस बार की थीम है- ह्लमेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार"। इसके माध्यम से इस वर्ष यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि हर किसी को, हर जगह, स्वस्थ जीवन जीने का अवसर अवश्य मिले।

शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ होना हम सभी के लिए बहुत जरूरी है। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि सही पोषण के साथ ही ध्यान, योग और प्राणायाम को भी जीवन में जरूर शामिल किया जाए। आज शारीरिक श्रम से नाता तोड़ने का ही परिणाम है कि तरह-तरह की बीमारियाँ मानव शरीर पर कब्जा जमाती जा रहीं हैं। चिकित्सकों की भी यही सलाह रहती है कि गैर संचारी रोगों से बचना है तो रोजाना कम से कम 45 मिनट तक कड़ी मेहनत व शारीरिक श्रम जरूर करें। इससे तेजी से पैर पसार रहे हृदय रोग और डायबिटीज से सुरक्षित रह सकते हैं। इसके अलावा बीड़ी-सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादों और शराब से दूरी बनाने में ही सभी की भलाई है क्योंकि कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियां इन्हीं से पैदा होती हैं। गैर संचारी रोगों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ही घर के करीब में आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) स्थापित किये गए हैं। इन केन्द्रों पर इन बीमारियों की स्क्रीनिंग, जांच और परामर्श के लिए कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) की तैनाती की गयी है। इसलिए जब भी कुछ असहज महसूस करें तो अप्रशिक्षित चिकित्सकों के पास जाने के बजाय बेहिचक सीएचओ की मदद लें, जो सही मायने में आपके सच्चे मददगार साबित होंगे।

अपने ही देश नहीं बल्कि विदेशों में भी आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी और बदलती जीवन शैली ने सबसे अधिक युवा पीढ़ी को प्रभावित किया है। जीवन में जल्दी से जल्दी सब कुछ हासिल कर लेने की चाह ने जहाँ युवाओं के सुकून को छीना है वहीं उनके पास न तो सही वक्त पर खाना खाने का समय है और न ही सोने का। यही कारण है कि फास्ट फूड और दिखावे के लिए शराब और सिगरेट का सहारा लेने वाले युवाओं में हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और हाइपरटेंशन जैसे गंभीर गैर संचारी रोग अब 30 साल की उम्र में ही शरीर पर कब्जा जमाने लगे हैं।

स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है कि भोजन संतुलित मात्र में ही करें और उसमें फल और हरी सब्जियों को जरूर शामिल करें। शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें। इसके अलावा तनाव से दूर रहें और कभी भी कोई परेशानी महसूस हो तो परिवार वालों से जरूर साझा करें। प्रतिदिन कम से कम छह से सात घंटे की नींद लें और आराम करें। यह भी ध्यान रहे कि शारीरिक वजन बढ़ने (मोटापा) से भी कई बीमारियाँ घेर लेती हैं, इसलिए वजन नियंत्रित रखें। खानपान में इस बात का जरूर ध्यान रहे कि नमक और चीनी का कम से कम इस्तेमाल करें। इसके अलावा अधिक तैलीय खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें।

जलवायु परिवर्तन के साथ ही बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण भी सेहत के लिए कई दिक्कतें पैदा कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार हर साल विश्व में एक करोड़ से अधिक लोगों की जान पर्यावरणीय कारणों से चली जाती है जबकि यह ऐसे कारण हैं जिनसे सतर्कता बरतते हुए बचा जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव भी पारित किया है, जिसके अनुसार- स्वच्छ, स्वस्थ और शुद्ध पर्यावरण हर एक मनुष्य का सार्वभौमिक अधिकार होना चाहिए। पृथ्वी पर हमें अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ हवा, पानी और भोजन की जरूरत होती है। आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत से अधिक लोग दूषित हवा में सांस लेते हैं। केवल वायु प्रदूषण से विश्व भर में प्रति वर्ष लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इस सभी के प्रति भी हम सभी सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय और कष्टकारी साबित हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर आज आइये प्रण करें-

"आओ अपनाएँ स्वस्थ स्वास्थ्य व्यवहार, मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार"

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर हैं)

## बाबा एलोपैथी विरोधी क्यों?

बाबा रामदेव कई मायनों में श्रद्धेय हैं। कमोबेश इस दौर के योग-पुरुष हैं, जिन्होंने एक कड़ी साधना को इतना आसान बना दिया है कि औसत पार्क या सभा-स्थलों पर असंख्य लोग योगासन करते देखे जा सकते हैं। नतीजतन स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ऐसे योग-साधक को सर्वोच्च अदालत में माफीनामा देना पड़े और न्यायिक पीठ उसे स्वीकार करने के बजाय महज जुबानी जमा खर्च करार दे, तो शीर्ष अदालत की इस कड़ी चेतावनी को समझना बेहद जरूरी है। बाबा की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली एलोपैथी के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं ? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी एलोपैथी के खिलाफ जहर नहीं उगला।

## करंट अफेयर

### 2024 के लिए नए फ्लू टीके लेने से पहले क्या जानना जरूरी

मेलबर्न। इन्फ्लुएंजा एक सामान्य श्वसन संक्रमण है। हालांकि अधिकांश मामले अपेक्षाकृत हल्के होते हैं, फ्लू छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। कोविड-19 महामारी के पहले वर्षों के दौरान जब सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों ने लोगों के बीच संपर्क कम कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया से इन्फ्लुएंजा लगभग गायब हो गया। 2022 के बाद से, यह फिर एक मौसमी पैटर्न पर लौट आया है, हालांकि फ्लू का मौसम 2020 से पहले की तुलना में कुछ महीने पहले ही शुरू हो गया है और चरम पर है। वर्ष के इस समय फ्लू के मौसम की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी-कभी हमें उत्तरी गोलार्ध से संकेत मिल सकते हैं।



## ऑफ बीट

### मां-पिता का सामान समेटते समय ख्याल कैसे रखें

तो माँ या पिताजी की मृत्यु हो गई है, या वे वृद्ध आश्रम में चले गए हैं, और अब आप पर यह जिम्मेदारी है कि आप उनका घर खाली करें। यह बहुत बड़ा काम है और आप इससे डर रहे हैं। इस काम को करते हुए दुख, हानि, अपराधबोध होना और यहां तक कि यह काम आपको सौंपे जाने पर नाराजगी महसूस होना एकदम सामान्य है। तो आप कार्य निपटाते समय अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रख सकते हैं? अनुसंधान ने साबित किया है कि यह कार्य किस प्रकार तीव्र शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह उन लोगों के लिए अधिक तीव्र हो सकता है जिनके उस व्यक्ति के साथ तनावपूर्ण - या यहां तक कि दर्दनाक - रिश्ते थे, जिसका घर वे समेट रहे हैं



### वायनाड मेरा घर



वायनाड मेरा घर है, और वायनाड के लोग मेरा परिवार हैं। उनसे, मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और भरपूर स्नेह प्राप्त किया है। यह बहुत गर्व और विनम्रता के साथ है कि मैं इस खूबसूरत भूमि से एक बार फिर लोकसभा 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रहा हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं



अरविंद केजरीवाल का गिरता स्वास्थ्य चिंता का विषय है। कई सालों से वे सीवियर डायबीटिक हैं। गिरफ़्तारी के बाद उनका वज़न 4.5 किलो गिर चुका है, सारा देश उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## संक्षेप

### अमेठी में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**दो महीने पहले परिवार के साथ मजदूरी करने आया था, छत्तीसगढ़ का रहने वाला था**

अमेठी जिला, अमेठी में आज सुबह भट्ठा मजदूर का महुआ के पेड़ से लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया।ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजकर जांच शुरू कर दी है।मृतक छत्तीसगढ़ राज्य का रहने वाला था।वह एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था।दो महीने पहले ही मजदूरी करने के लिए अपने परिवार के साथ आया था।दरअसल ये पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र का है।यहां पास में ही मौजूद भट्ठे पर काम करने वाला मजदूर राम नारायण गौड़ पुत्र हीरालाल गौड़ निवासी कसडोल छत्तीसगढ़ नित्यक्रिया के लिए गया था।राम नारायण जब काफी देर तक नहीं लौटा, उसकी तलाश शुरू हुई, जिसके बाद उसका शव महुआ के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला।शव मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर और मुंशी मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते हो संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य का रहने वाला मृतक राम नारायण गौड़ दो महीने पहले ही भट्ठे पर काम करने आया था।मृतका की पत्नी का इतवारी है और मृतक के दो लड़के और दो लड़कियां हैं।

### सुलतानपुर में बाजार गई युवती का अपहरण

**उन्नाव का युवक अपनी बहन और जीजा के साथ मिलकर कार से ले गया**

सुलतानपुर, सुलतानपुर में घर से कपड़ा खरीदने निकली 18 साल की एक युवती वापस नहीं लौटी।परिवार वालों ने काफी तलाश किया तो जानकारी हुई कि एक युवक कार से उसे लेकर भाग निकला है। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे।इसके बाद युवती के पिता ने कोतवाली नगर में अपहरण का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।पूरा मामला कोतवाली नगर के पैगापुर इलाके से जुड़ा है।यहां के रहने वाले मो. सईद का आरोप है कि उसकी बेटी बाजार से कपड़ा खरीदने गई थी। घंटों बीत गया लेकिन वो वापस लौटकर घर नहीं आई।देर होने पर हम लोग काफी परेशान हुए।गांव में आसपास पता करने के बाद रिश्तेदारी में फोन करके की जानकारी की।गांव के फिरोज आलम ने उन्हें जानकारी दी।युवती के पिता ने बताया कि गांव के युवक से पता चला कि उन्नाव जिले के बांगरमऊ अंतर्गत बहलोलपुर निवासी मुजम्मिल उसकी बहन सोनी और जीजा राकिब हमारे ही गांव में निवास करते हैं।वे सभी कार से हमारी लड़की को लेकर फरार हो गए हैं।हमने इस मामले में कोतवाली नगर में तहरीर दी है।नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि पिता की तहरीर पर अपहरण का नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भारतीय लोकतंत्र समूचे विश्व का कर रहा पथ प्रदर्शन: हरि शंकर सिंह

## नशा मुक्त,भय मुक्त शत प्रतिशत मतदान के लिए चौपाल का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। महामना मालवीय मिशन (अवध) के तत्वावधान में जिला पंचायत के सभागार में नशा मुक्त, भय मुक्त शत प्रतिशत मतदान चौपाल का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित तमाम सामाजिक, धार्मिक संगठन प्रतिनिधियो ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत एवं अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए शत प्रतिशत भय मुक्त नशा मुक्त मतदान का आवाहन किया तथा नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दोहराया।महामना मालवीय मिशन अवध की ओर से आयोजित चौपाल में उपस्थित गायत्री परिवार ,साई परिवार ,आर्य समाज, अधिवक्ता समाज,शिक्षक प्रबंधक समाज, किसान संगठन प्रतिनिधि व प्रधान संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियो को संबोधित करते हुए मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि शंकर सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र समूचे विश्व का पथ प्रदर्शन करता है।दुनिया के तमाम देश यहाँ के लोकतंत्र को अपना आदर्श मानकर अपने- अपने देश को मजबूत एवं अक्षुण्ण बनाये रखने का बहुआयामी प्रयास करते है ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम शत प्रतिशत मतदान अवश्य करे और जन मानस को जागरुक करने के लिए जगह जगह चौपाल भी आयोजित करे। मुख्य अतिथि ने कहा कि महामना मालवीय मिशन पूरे देश मे पंडित मालवीय जी के स्वतंत्रता संग्राम, धर्म ,अध्यात्म ,शिक्षा, राजनीति, पत्रकारिता, आद्योगिक विकास, राष्ट्र भाषा हिंदी विकास, नारी शिक्षा, साम्प्रदयिक सद्भाव ,सामाजिक समरसता ,गंगा, गीता ,गौ रक्षा आदि अनेक क्षेत्रों में प्रभावी काम करते हुए विचारों को साकार मूर्त रूप प्रदान कर रहा है।उन्होंने अवध संगठन द्वारा चलाये जा रहे महाअभियान की प्रशंसा भी की।संगठक, समाजशास्त्री रविन्द्र सिंह ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आम जन के चलाये जा रहे




चौमुखी विकास कार्यक्रम के बारे में बताया और बहुआयामी एवं बहुमुखी जनकार्यक्रमो की विस्तृत चर्चा करते हुए आवाहन किया कि शत प्रतिशत मतदान कर हम भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प ले और अपने अमूल्य मत को भारत माता के चरणों मे समर्पित करे तभी हमारा समाज धर्म एवं देश मजबूत बना रह सकेगा। आयोजक मालवीय मिशन (अवध) अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने संगठन द्वारा चलाये जा रहे नशा उन्मूलन,पर्यावरण संरक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी संगठन प्रतिनिधियो से महाभियान में हर संभव सहयोग का आवाहन किया तथा नशा मुक्त, भय मुक्त शत प्रतिशत मतदान अभियान चौपाल से आम जन को जोड़ने की बात कही। नमामि गंगे संयोजक पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने पर्यावरण को मानवानुकुल बनाये रखने के लिये नदी सरोवर तालाब व पोखरों को संरक्षित करने के लिए अधिकाधिक संख्या मे हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के वृक्षारोपण व उनके संरक्षण का आवाहन किया तथा समाज व धर्म हित में राष्ट्रवादी पार्टी को ही मत देने की बात कही।कार्यक्रम का संचालन रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष अनिल मिश्र एडवोकेट तथा धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अर्जुन कुमार दिलीप ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद मालवीय मिशन अवध संयोजक प्रोफेसर डॉ एस एन सिंह ने किया।आयोजित चौपाल को साई मंदिर व्यस्थापक कुलदीप सिन्हा, अधिवक्ता समाज संयोजक शम्भू दयाल बाजपेयी,किसान परिषद महामंत्री केशव पांडेय, शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र, नमामि गंगे सह संयोजक सहाबुद्दीन अंसारी, मो० सलीम व प्रधान संगठन उपाध्यक्ष तकम्मस खां प्रवक्ता धीरेंद्र शर्मा समाजसेवी ,कानूनविद अनिल त्रिपाठी, गायत्री परिजन दीप नारायण पाल संघ विचारक ओम प्रकाश सक्सेना ,समाज सेवी लाल बहादुर तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम श्रीवास्तव महासचिव आलोक शुक्ल उपाध्यक्ष डॉ कपिल शुक्ल, प्रवक्ता संगठक सचिन श्रीवास्तव,समाजसेवी अंगद गुप्त,सियाराम, समाजसेविका वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनीता जायसवाल, राकेश त्रिपाठी ,सज्जन कुमार मिश्र, शांतनु श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश मिश्र, अनिल वर्मा, राहुल पांडेय ,विवेक सक्सेना शिक्षाशास्त्री पंकज श्रीवास्तव,आयुष जायसवाल सांवली प्रकाश शुक्ल एडवोकेट आदि ने संबोधित कर नशा, भय मुक्त ,शत प्रतिशत मतदान का आवाहन किया।कवि एवं साहित्यकार पुण्डरीक पांडेय ने ओजस्वी स्वर ने कविता का पाठ किया।कार्यक्रम का प्रारंभ महिला महाविद्यालय की छात्राओ नेहा, अंजलि श्रीवास्तव ने स्वागत गान प्रस्तुत कर किया।समापन अवसर पर नशा मुक्त समाज बनाये रखने के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया। अतिथियों का मालवीय मिशन एवं नमामि गंगे कि ओर से अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर अभिनदंन किया गया।

## ग्रीष्मकालीन मूंग खेती से किसानो को होगी अतिरिक्त आमदनी

**कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी जानकारी**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. शशिकांत बरगाह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग की बुआई का अनुकूल समय 10 मार्च से 10 अप्रैल होता है ग्रीष्मकाल में मूंग की खेती करने से अधिक तापमान तथा कम आर्द्रता के कारण बीमारियों तथा कीटों का प्रकोप कम होता है परंतु इससे देरी से बुआई करने पर गर्म हवा तथा वर्षा के कारण फल्लियों को नुकसान होता हैं।डॉक्टर पीके सिंह ने बताया कि मूंग की खेती जिस मिट्टी में करे उस मिट्टी का पी एच मान 6.5 से 7.5 के बीच का होना बेहद जरूरी है।इस मूंग की फसल दो मौसम में कर सकते है, खरीफ और रबी मौसम में ,मूंग की खेत तैयारी में दो से तीन बार गहरी जुताई कर के पाटा चलाके जमीन को समतल कर लेना चाहिए।ताकि जल भराव की समस्या टल जाए। डॉक्टर सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल कम समय में अधिक फायदा देगी, जन्हा सिंचाई की सुविधा है वंहा किसान गेंहू, सरसों, चना, मटर, आलू आदि के बाद ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती कर कम अवधि में अधिक लाभ ले सकेंगे , गेहूँ कटाई के बाद जीरोट्रिल या हैप्पी सीडर से बुवाई करने पर 10-15 दिनों की बचत होती है। वैज्ञानिक डॉक्टर सुनील कुमार एवं डॉक्टर सूर्य बली सिंह ने कहा कि छिटकवा विधि से बुवाई की गयी खेती से 25-30 किलोग्राम प्रति है० व लाइन से लाइन बुवाई में 20-22 किलोग्राम प्रति है० बीज की आवश्यकता होती है , किसान फफूँदीनाशक ट्राइकोडर्मा 2-4 ग्राम अथवा कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रतिकिलो बीज को उपचारित कर बुवाई करे तो बेहतर उत्पादन होगा। मूंग के उत्तम किस्मे है जो बंपर पैदावार देते है जैसे की एचएमयू 16, आर. एम. जी. झ 62, पंत मूंग-1, पूजा वैशाखी अदि ।

## भारत नेपाल सीमा पर बसे गांव का डीएम एसपी ने किया दौरा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर स्थित भारत के आखिरी गांव का आज जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने भ्रमण कर व चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। आगामी लोकसभा चुनाव में पहले मतदान करें फिर कोई काम करें के नारे के साथ ग्रामीणों को शपथ दिलाई। अपील किया कि अधिक से अधिक मत दान करने के लिए बूथो पर पहुंचे।इस दौरान जिला अधिकारी ने बूथ पर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया रैंप, लाइट, पानी शौचालय तथा वोटर लिस्ट का सत्यापन कर मौजूद ग्रामीणों की उपस्थिति का मिलान किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बहराइच ने सीमा पर संभावित अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए ग्रामीणों को सचेत किया।उन्होंने सीमा पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा अवैध सामानों की तस्करी के विरुद्ध सजग रहने एवं सूचना देने के लिए ग्रामीणों से अपील की तथा लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त -शत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के बीच जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फोटो शूट करवा कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मौजूद नए मतदाताओं को माला पहनाकर एवं वृद्ध मतदाताओं को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया ।इस दौरान मतदाताओ से बूथ पर पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार, नायब तहसीलदार अर्सलान रशीद, खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी डा. अजीत प्रताप सिंह, एडीओ उमेश यादव, ग्राम सचिव संदीप सिंह, दयानंद, विजय शर्मा, लेखपाल विमलेश यादव, लाल बहादुर शुक्ला, समाज सेवी ओम नाथ सिंह चौहान, ग्राम प्रधान श्री प्रसाद व सभी स्कूलों के शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।जिला अधिकारी ने भारत की सीमा पर बसे आखिरी गांव मुर्तिहा सलारपुर के बाद घूमनाभारु एवं चितलहावा गांव का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया है।

## दो नफर वारन्टी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उप निरीक्षक रामगोविन्द वर्मा चौकी प्रभारी बाबागंज मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटीगण धनीराम पुत्र समयदीन निवासी भगवानपुर थाना रुपईडीहा व रामदास पुत्र रामकेवल पुत्र रामनगर दा0 बसन्तपुर उदल थाना रुपईडीहा बहराइच को माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी प्रपत्र से अवगत कराते हुए उनके घर क्रमशः ग्राम भगवानपुर व ग्राम रामनगर दा0 बसन्तपुर उदल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय मानवाधिकार आयोग व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों निदेर्शों का पालन किया गया एवं बाद आवश्यक कार्यवाही वारंटीगण उपरोक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया।



## पुलिस अधीक्षक ने मूर्तिहा कोतवाली का किया मुआयना

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथो पर पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए जिलाधिकारी बहराइच एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच के द्वारा सीमा क्षेत्र के गांव का भ्रमण किया गया इस दौरान मुर्तिहा सलारपुर, घूमनाभारू, चितलहवा में चौपाल पर सभी को मतदान के लिए जागरूक किया इसी दौरान पुलिस अधीक्षक बहराइच ने मूर्तिहा कोतवाली एवं थाना सुजौली में थाने का मुवायना किया तथा रखरखाव एवं इस वक्त चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया सभी बेरीको एवं मेष, सीसीटीवी कैमरा व अपराध रजिस्टर, शौचालय,जवानों के पीने के पानी की विधवत जांच की तथा मौजूद चौकीदारों को एवं कांस्टेबलों पुलिस स्टाफ को चुनाव के दौरान सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियां उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी मिहींपुरवा राहुल पांडे, थाना कोतवाली मुर्तिहा प्रभारी अमितेंद्र कुमार सिंह पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया याद**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच।हुजूरपुर में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हुजूरपुर में झंडा लगाया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह वरिष्ठ नेता डॉक्टर महेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, सेक्टर संयोजक प्रमोद सिंह, महामंत्री जटाशंकर तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह दीपू , बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह (छोटे बाबू), मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा दुर्गेश सिंह रैकवार, बूथ अध्यक्ष विजय सिंह, बूथ अध्यक्ष रामकुबेर मिश्रा, संजय मिश्रा, आदि समस्त लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षण संस्थानों में मीना मंच का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। राज्य परियोजना निदेशालय के आदेशानुसार सत्र 2024-25 में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में मीना मंच का पुनर्गठन एवं सप्ताहिक गतिविधि कैलेंडर के अनुसार स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत लाइफ स्किल एजूकेशन फिर एडोलसेंट गर्ल्स कार्यक्रम करना अनिवार्य किया गया है।नई शिक्षा नीति के मुख्य उद्देश्य के आधार पर किशोर बालिकाओं एवं बालको में जीवन कौशल एवं जेंडर इक्विटी का विकास करने हेतु मीना मंच का पुनर्गठन नवीन सत्र के प्रारंभ में करने का आदेश दिया गया है।इसका मुख्य उद्देश्य किशोर बालिकाओं को मुख्य धारा से जोड़ना एवं किशोर किशोरियों को सशक्त बनाना है।विकासखंड अमौली कुंवर सिंह कमल के नेतृत्व में सभी विद्यालयों में मीना मंच का गठन किया गया ब्लॉक संदर्भ दाता प्रतिमा उमराव के द्वारा बताया गया कि मीना मंच का गठन कर कक्षा 6, 7, 8 में एक-एक पावर एंजेल का चुनाव विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान द्वारा संपन्न किया गया और कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया।मीना मंच से संबंधित सभी बच्चों को प्रत्येक विद्यालय की सुगमकताओं के द्वारा मीना फिल्म दिखाई गई ।प्रगति के पंख में निर्धारित अध्याय एवं सत्र के बारे में जानकारी दी गई।कंपोजिट विद्यालय अमौली, कंपोजिट विद्यालय शिवपुरी, कंपोजिट विद्यालय चटिहा, कंपोजिट विद्यालय पनेरूवा, कंपोजिट विद्यालय ऊदूपुर, कंपोजिट विद्यालय रूसिया, कंपोजिट विद्यालय गोहरारी, कंपोजिट विद्यालय भगौनापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय रोटी सहित ब्लॉक के आधा सैकड़ा से ज्यादा विद्यालयों में मीना मंच का कुशल गठन सुगमकर्ता ओं एवं विद्यालय प्रमुख के सहयोग से किया गया।

## अंतिम संस्कार में गंगा घाट आए तीन युवक डूबे

- एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर, तीसरा लापता, गोताखोर कर रहे तलाश

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में गंगा धाम तिगरी में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया।दरअसल गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आए तीन युवक नहाते वक्त गंगा में डूब गए। युवकों को डूबते देख गंगा घाट पर हड़कंप मच गया।आनन फानन में गंगा घाट पर मौजूद गोताखोर गंगा में कूदे और डूब रहे युवकों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन पानी के तेज बहाव के चलते एक युवक की डूबने से मौत हो गई।जबकि एक की सांस चल रही थी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि एक युवक अभी भी लापता है। जिसकी गोताखोर गंगा में तलाश कर रहे हैं।मिली जानकारी के मुताबिक गजरौला कोतवाली इलाके के मौहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी होरी सिंह की पत्नी चंद्रवती का आज यानी गुरुवार सुबह निधन हो गया था।दोपहर बाद उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए तिगरी गंगा घाट पर ले जाया गया था।इसी दौरान अंतिम संस्कार में शामिल होने गंगा घाट आए कुछ लोग गंगा में स्नान करने लगे।उन्हीं लोगों में नोएडा का पंकज, अमरोहा के किशनगढ़ मोहल्ला निवासी प्रिंस (21) और नितिन (22) भी शामिल थे।यह तीनों युवक भी गंगा में नहा रहे थे।नितिन और प्रिंस, पंकज के साले हैं।नहाते समय वह गहरे जल में समा गए।जिसे देख घाट पर हड़कंप मच गया।मौके पर मौजूद गोताखोर यह देख गंगा में कूद पड़े और काफी मशक्कत के बाद पंकज को तो बचा लिया गया

## रामपुर में वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया

**स्वीप कार्यक्रम के तहत 'हर दुकान, हर बाजार" मतदान का त्योहार अभियान चलाया गया**



अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर में आज स्टीकर लगाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने हर दुकान - हर बाजार मतदान का त्योहार अभियान चलाया।इस दौरान उद्योग विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।रामपुर में लोकसभा चुनाव पहले चरण में होंगे।इसके लिए प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।चुनाव मैदान में 6 प्रत्याशी हैं।इनमें कोई भी प्रत्याशी महिला नहीं है।प्रत्याशियों में भाजपा की ओर से सिटिंग एमपी घनश्याम सिंह, सपा की ओर से मोहिब्बुल्ला नदवी, बसपा की ओर से जीशान खान, माइनोरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से अरशद वारसी हैं।

## मिल्कीपुर में पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर

- हादसे में अधेड़ की मौत, बाइक से तुरशमपुर जा रहे था

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर के थाना कुमारगंज क्षेत्र के कुमारगंज से बहादुरगंज संपर्क मार्ग स्थित भटपुरा गोपालपुर तिराहे के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से बाइक सवार चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।गंभीर हालत में उन्हें सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने 63 वर्षीय अब्दुल सलाम खान का लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई है।मौत के बाद परिजन शव लेकर संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज वापस लौट आए।जहां जानकारी पाकर मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मेल्थुआ धनैचा गांव निवासी अब्दुल सलाम खान अपनी बाइक से कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तुरशमपुर बाजार जा रहे थे।वे कुमारगंज बहादुरगंज मार्ग पर स्थित भटपुरा गोपालपुर तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया।

# संक्षेप

## प्रशासन के सराहनीय प्रयास से अंतर्जनपदीय चोर हुए गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला**

फतेहपुर। जनपद के थरियांव थाना प्रशासन द्वारा अंतर्जनपदीय चोरों को पकडकर कार्यवाही करने का सराहनीय प्रयास किया गया सर्विलांस सेल की सहायता से पुलिस प्रशासन थाना थरियांव ने चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया जहां कड़ी पूछताछ के पश्चात अभियुक्तों ने एक ट्रक बरामद किया थानाध्यक्ष रणजीत सिंह की टीम के साथ स्वाट टीम प्रभारी विनोद कुमार यादव आदि प्रशासनिक अधिकारी आरक्षी गणों ने ओवर ब्रिज के समीप से चार अभियुक्तों को धर दबोचा जानकारी लेने पर अंतर्जनपदीय चोरों ने अपना नाम अनुज कुमार पुत्र इंद्रजीत यादव निवासी गांव सिमरी थाना असोथर धर्मेंद्र गुप्ता पुत्र बृज किशोर गुप्ता गोपाल नगर कानपुर नगर मेराज आलम पुत्र तौसीफ आलम थाना कोहना जनपद कानपुर नगर तथा राजेश धोबी पुत्र राम प्रसाद निवासी रामगंज पक्का तालाब कोतवाली सदर बताया बरामदगी के आधार पर प्रशासन ने पकड़े गए अभियुक्तों पर मुकदमा अपराध संख्या 24/79 धारा 411 413 414 420 467 468 471 पंजीकृत कर विधि कार्यवाही की इस सराहनीय कार्य में थाना अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद उप निरीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला मुख्य आरक्षी जफर अहमद स्वाट टीम प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह मुख्य आरक्षी अनिल सिंह शैलेंद्र कुशवाहा सर्विलांस सेल से उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह की टीम आदि ने प्रशंसनीय कार्य किया

## विद्यालय में प्रवेश परीक्षा कुशलता पूर्वक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के जहानाबाद कस्बे के विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज में द्वितीय प्रवेश परीक्षा 6 अप्रैल को कुशलता पूर्वक संपन्न हुई इस प्रवेश परीक्षा में लगभग 400 से 500 बच्चो ने प्रतिभाग किया आपको बताते चलें की प्रथम प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की गई थी उसके बाद नई कक्षाएं भी संचालित की गई द्वितीय प्रवेश परीक्षा में सफल विद्यार्थियों की जल्द ही नई कक्षाएं संचालित की जायेगी इस प्रवेश परीक्षा में बच्चो के परीक्षा फल के अनुरूप ही कक्षाएं प्रदान की जायेगी विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जनपद फतेहपुर के उत्कृष्ट विद्यालय में से एक विद्यालय है यहां प्रतिवर्ष बोर्ड की मेरिट में बच्चे अपना स्थान दर्ज कराते है यहां पर प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य संपन्न कराया जाता है सभी नवीन तकनीकी शिक्षण विधि द्वारा अध्यापन कार्य संचालित किया जाता है।

## मेरठ में दुकान में घुसकर बदमाशों ने की फायरिंग

मेरठ, मेरठ में दुकान में रात मोबाइल रिपेयर कराने पहुंचे तीन बदमाशों की दुकानदारों से कहासुनी हो गई। जिसके बाद बदमाशों ने दुकान मालिक पर गोली चला दी। गोली लगने से दुकान मालिक घायल हो गया।

# परीक्षाफल पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

## एन0जी पब्लिक स्कूल ग्राम कररिया में अंकपत्र व मैडल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र ग्राम कररिया में बृहस्पतिवार को एन0जी पब्लिक स्कूल ग्राम कररिया में बच्चों को अंक पत्र वितरण किया गया जिसमें क्लास यू0के0जी के छात्र विराट ने 96% अंक पा कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय और अपने मां पिता जी का नाम रौशन किया और समाज को भी सन्देश दिया कि आज के समाज में बेटे हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रहें है इसके बाद क्लास में फर्स्ट रैंक से थर्ड रैंक तक के बच्चों सर्टिफिकेट और मैडल देकर विद्यालय के मुख्य अतिथि आशीष श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य श्रीनिवास त्रिपाठी जी ने बच्चों को नए सत्र में प्रवेश लेने पर शुभकामनाएं दी। वही प्रबन्धक प्रभात श्रीवास्तव ने बताया परिषदीय विद्यालयों के नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ एक अप्रैल से हुआ। इस दौरान सभी विद्यालयों में उत्सव सा माहौल रहा। एक तरफ जहा पुराने बच्चे नई कक्षा में आकर खुश थे वहीं नए बच्चे पहली बार स्कूल पहुंचकर प्रसन्न महसूस कर रहें थे। बच्चे आने बाले दिनों के भविष्य है, उनके माता-पिता हमारे ऊपर विश्वास कर विद्यालय भेजते हैं। हमें उनका ख्याल रखते हुए अच्छी शिक्षा देना हम सभी शिक्षकों का कर्तव्य है। सरकार इनके लिए इतना कुछ कर रही है तो हमें भी अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन के क्रम में शिक्षक उत्सव श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, तन्नू श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव (छोटी), नीलम यादव, पूजा पाण्डेय सुप्रिया मद्धेशिया, श्रवण गुप्ता, रोहन वर्मा आलोक मोर्या सहित अन्य सभी अध्यापक ने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए बधाई दिए।

# सहजनवा में बनेंगे 10 मॉडल केंद्र

**अमन लेखनी समाचार**




गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में इस बार 293 मतदान केंद्र के 421 बूथ पर मतदान होना है। जिसमे 10 माडल बूथ को चिन्हित किया गया है। माडल बूथ को गुब्बारे से सजाया जाएगा, बूथों पर कालीन बिछाया जायेगा चिलचिलाती धूप में मतदाताओं के लिए टेंट लगाया जाएगा और पीने के लिए ठंठा पानी की भी व्यवस्था की जाएगी। मतदान केंद्रों पर बनेगा सेल्फी प्वाइंट इस बार माडल बूथ पर मतदान करने के बाद मतदाता अपनी सेल्फी ले सकेंगे। इसके लिए सहजनवा के हर माडल बूथ पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जायेगा। मतदाताओं के साथ बूथ पर पहुंचने वाले नन्हे मुन्ने बच्चो को लिए माडल बूथ पर खिलौना का भी व्यवस्था किया 66 पूरे तहसील क्षेत्र में 10 माडल केंद्र चिन्हित किए गए है। माडल केंद्र को गुब्बारे से सजाया जाएगा हर माडल केंद्र पर एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जायेगा। 99 कुंवर सचिन सिंह एसडीएम सहजनवां ने बताया माडल बूथों पर गर्मी को देखते हुए कूलर और पंखा की भी व्यवस्था की जानी है। ये है माडल केंद्र : पूर्व माध्यमिक विद्यालय घघसरा, प्राथमिक विद्यालय डुमरी, जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज तिलोरा, उच्च माध्यमिक विद्यालय मंझरिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय भगौरा, प्राथमिक विद्यालय केसवपुर, प्राथमिक विद्यालय बसिया, भोलाराम मस्करा इंटर कालेज गाहसाड, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरोली।

## कंपनी का नकली मार्का लगा कर बेच रहा था चप्पल, केस दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 4 केशवपुर में एक दुकानदार रिलेक्स कंपनी का नकली चप्पल बेच रहा था। कंपनी का जांचकर्ता ने 240 चप्पल को बरामद कर दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मिली जानकारी मनीष गुप्ता रूम 7 शांतिनगर दशवंत चाल काजू पाना थाना तुलीज जिला जालंधर महाराष्ट्र जो रिलेक्सो फूट वियर लिमिटेड में जांचकर्ता के पद पर तैनात है। 4 अप्रैल को जानकारी मिली की सहजनवा में कंपनी का नकली चप्पल बेचा जा रहा है। वार्ड 4 केशवपुर दिनेश गोंड के दुकान की तलाशी ली जहा कंपनी का 240 चप्पल नकली बरामद किया गया। जिसे सील कर दिया गया। पुलिस ने दिनेश गोंड वार्ड 4 केशवपुर के खिलाफ कापीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## फर्जी मार्का लगाकर प्लाई बेचने पर लगा जालसाजी का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक होटल के बगल में दुकानदार एक प्रतिष्ठित कंपनी का फर्जी मार्का लगाकर प्लाई बेचते हुए कंपनी का ऐक प्रतिनिधि ने पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान मौका पाकर दुकानदार फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात दुकानदार के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से कृष्ण कुमार सिंह पुत्र स्व राम उदित सिंह अक्षरधाम अपार्टमेंट सेक्टर 19 द्वारिका दिल्ली जो सैटूरी प्लाई बोर्ड इंडिया लिमिटेड में वैधानिक प्रतिनिधि के पद पर तैनात है। और असली और नकली सामान के पहचान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त है। 4 अप्रैल को जानकारी मिली की सहजनवा में कंपनी का फर्जी मार्का लगाकर प्लाई को बेचा जा रहा है। सहजनवा स्थित एक होटल के बगल में दुकानदार कंपनी का सेंटर प्लाई क्लब प्राईम का मार्का लगाकर प्लाई बेच रहा था। उससे जब पूछताछ करना शुरू किया तो वह मौका देखकर मोहर लेकर फरार हो गया। पुलिस न अज्ञात दुकानदार के खिलाफ जालसाजी, और नकली कापीराइट कर सामान बेचने का केस दर्ज कर लिया है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्राथमिक विद्यालय महावीर छपरा में हुआ कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के प्राथमिक विद्यालय महावीर छपरा में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, साबुन वितरण एवं चिकित्सकों के टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेकिट एवं प्लान इंडिया के सहयोग गोरखपुर जनपद के विकासखंड पिपरौली के प्राथमिक विद्यालय महावीर छपरा में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, साबुन वितरण एवं चिकित्सकों के टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रज्ञा राय द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान, स्वच्छता गीत एवं स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित बच्चों एवं अभिभावक को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी प्रदान किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरौली से आए डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं लगभग 400 बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ प्रज्ञा द्वारा सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया एवं उपस्थित सभी बच्चों के बीच डिटॉल साबुन, मास्क, सेनेटाइजर वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के जिला प्रमुख रंजीत कुमार ने बताया कि डीटाल कंपनी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस समारोह में संस्था के जिला प्रमुख रंजीत कुमार, संगीता श्रीवास्तव, रीना सिंह, डॉक्टर दीपमाला शुक्ला, पवन यादव स्कूल मोबिलाइज कृष्ण कुमार पांडेय सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय युवक संघ गोरख क्षेत्र की तेनुआ में बैठक हुई संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के ग्राम सभा तेनुआ में क्षत्रिय युवक संघ गोरख क्षेत्र की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि जय प्रताप सिंह द्वारा क्षत्रिय समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए क्षीण हो रहे उनके मान, सम्मान और गौरव दिलाने की बात कही गई। आगे मुख्य अतिथि ने कहाकि देश की लड़ाई में क्षत्रिय समाज अपने को देशसेवा में सपर्पित करके भारत माता की अस्मिता को बचाने का कार्य किया और आज हम लोग खुद हांसिये पर आ गए हैं। अगर समय रहते हम लोग नहीं जागे तो आने वाले कुछ बरसो में हम लोगों की गिनती उंगलियों पर होनी शुरू हो जाएंगे।

आगे कहा की क्षत्रिय समाज को अपने वर्ग को सुरक्षित करने के लिए अब समय आ गया है। बैठक में शिवेंद्र सिंह बांसगांव ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना लेकर क्षत्रिय समाज देश सेवा में बलि बेदी पर चढ़ने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। बैठक को हर्षवर्धन सिंह, मानवेंद्र सिंह, अमित सिंह, संदीप सिंह द्वारा भी संबोधित किया गया।बैठक में ही क्षत्रिय समाज को अस्मिता को बचाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने की भी बात कही गई।बैठक की अध्यक्षता विशाल सिंह दीपू द्वारा किया गया।बैठक के अंत में बैठक के आयोजक विशाल सिंह दीपू ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।इस बैठक में विजय प्रताप सिंह, विश्वजीत शाही, रणधीर शाही, अभिषेक सिंह, अमित सिंह, संदीप सिंह, राजन सिंह, विनोद सिंह, प्रिंस सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रॉयल्टी के नाम पर खनन माफिया ने दूसरे की 50 एकड़ खोद डाली भूमि

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के बरवार बुजुर्ग में खनन माफियाओं का बोलबाला है। खनन माफिया प्रशासन से साठगांठ कर जब चाह रहे है। रातोरात दूसरे की भूमि खोद कर उठा ले जा रहे है। जांच के नाम पर खनन विभाग और राजस्व विभाग खाना पूर्ति कर रहा है। मिली जानकारी से तहसील क्षेत्र के बरवार बुजुर्ग में गांव के कई लोगो की करीब 100 एकड़ भूमि राप्ती नदी के तट पर स्थित है। इस भूमि पर खनन माफिया बहुत पहले से नजर रखे हुए थे। और खनन विभाग और तहसील प्रशासन से मिल कर दूसरे गाटा का कागजात लगाकर रॉयल्टी बना लिया। लेकिन जिस भूमि के खनन के लिए रॉयल्टी जारी की गई उस भूमि में खुदाई न करके कास्तकारो की भूमि को खोद कर उठा ले गए है। शनिवार को सुभाष चंद्र दुबे और जय प्रकाश दुबे निवासी बरवार बुजुर्ग ने एसडीएम सहजनवा को शिकायत कर आरोप लगाया की बरवार बुजुर्ग 75 फीसद किसानो की भूमि है। एक खनन माफिया ने दूसरी भूमि की रॉयल्टी बना कर काश्तकारो का करीब 50 एकड़ भूमि 10 से 12 फिट तक खोद कर उठा ले गया है। जिसका उच्च न्यायालय में सीमा विवाद को लेकर मुकदमा विचाराधीन है। पीड़ित ने मामले की जांच करा कर कारवाई करने की मांग किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सिंह सिंह ने कहा की शिकायत मिली है जांच कराकर करवाई की जायेगी।

## भाजपायों ने स्थापना दिवस मनाया

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत पाली ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह ने बूथ संख्या 34 पर 45वा स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि की गई। तत्पश्चात भाजपा को समर्पित झंडे का ध्वजारोहण किया गया। ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने कहा की स्थापना एक विचारधारा 'राष्ट्र के हितों की रक्षा करने' के लिए की गई थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने दुनिया भर में भारत की मजबूत और विकसित छवि बनाई है। उक्त अवसर पर बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक ग्रामीण मौजूद है।

# बीआईटी में बसंत महोत्सव का वार्षिकोत्सव के साथ हुआ समापन

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर में वार्षिकोत्सव होरिजन 2024 पर रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, जनपद न्यायाधीश ;ड ।ब्ब्द्धए विकास केजरीवाल, प्रबन्ध निदेशक, विकास ग्रुप एवं अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन डा0 आर0ए0 अग्रवाल ने किया। सर्वप्रथम संस्थान की छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना गाकर व गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम की सफलता के लिए माँ सरस्वती व गणेश जी की आराधना की। तत्पश्चात संस्थान की तरफ से निदेशक ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण व बैज लगाकर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने तमाम रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रवीन्द्र कुमार अग्रवाल ने संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के अन्दर छिपी प्रतिभा को निखार कर उन्हें सफल होने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। हमें खुशी है कि यह कॉलेज अपनी शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से पूर्वांचल के मेधावियों का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विकास केजरीवाल ने कहा कि मस्तिष्क के सफल संचालन के लिए व्यक्ति का स्वस्थ व प्रसन्न रहना जरूरी है इसलिए यह कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों को उनके अच्छे स्वास्थ्य व अच्छे परीक्षाफल के लिए लाभदायक है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में बोलते हुए संस्थान के चेयरमैन डा0 आर0ए0 अग्रवाल ने कहा कि संस्थान अपने विद्यार्थियों के सफल व स्वस्थ जीवन के लिए निरन्तर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम सभी छात्र-छात्राओं को प्रसन्न रहने की प्रेरणा प्रदान करेगा जिससे वे अपने कैरियर में सफलता प्राप्त करने की ओर अग्रसर होंगे ।बी0आई0टी0 के मेधावी छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय अवार्ड, निदेशक अवार्ड, शिक्षा एकेडमिक अवार्ड, उपस्थिति अवार्ड एवं बी0आई0टी0 टापर अवार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम में कालेज के सी0टी0ओ0 प्रो0 एन0 गुरूप्रसाद, निदेशक प्रशासन-दीपक अग्रवाल, निदेशक एच0आर0 संतोष त्रिपाठी, निदेशक फामेर्सी डॉ0 आशीष सिंह, निदेशक बी0आई0टी0 प्रो0 अरविन्द पाण्डेय, निदेशक बी0डी0सी0 डा0 अभिषेक त्रिपाठी, निदेशक डिप्लोमा ई0 अभिनव श्रीवास्तव, ई0 उज्जवल श्रीवास्तव, प्रो0 एच0एन0 सिंह, नेहा श्रीवास्तव, पिंकी पाण्डेय, एहराज सिद्धकी एवं अंकित पाण्डेय सहित संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। उपर्युक्त जानकारी निदेशक (प्रशासन) दीपक अग्रवाल ने दी।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान जोरों पर

## शिक्षण संस्थानों द्वारा चलाए गए अभियान में जागरूक हुए ग्रामीण

**अमन लेखनी समाचार**




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र का कार्य भार देख रहे कुशल खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल के निर्देशन पर सम्पूर्ण शिक्षा क्षेत्र के दर्जनों शिक्षण संस्थानों में संचारी रोग नियंत्रण एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय तारापुर में प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगण अंतर्गत संचारी रोग नियंत्रण हेतु सभा आयोजित की गई विद्यालय के बच्चों के साथ प्रांगण में मौजूद अभिभावकों को भी संचारी रोगों से लड़ने की क्षमता तथा उसके बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के साथ सहायक अध्यापिका सुधा उत्तम ने अभिभावकों को जागरुक कर शपथ ग्रहण कराई इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में विद्यालय के बच्चे लक्ष्मी शांति संतोषी अंजलि सिद्धार्थ यश अभिभावक कुंती रचना सुमित्रा शशि कुसुम कली समेत भारी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे वही विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय अमौली में संचारी रोग नियंत्रण हेतु विद्यालय की शिक्षिका सुभा देवी द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों को संचारी रोग से बचाव हेतु शपथ ग्रहण कराई गई नेतृत्व कर रही शिक्षिका के साथ सहायक अध्यापिका प्रतिमा उमराव आदि सभी शिक्षकों ने बच्चों को लेकर नगर भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर संचारी रोग से बचाव हेतु आम जनमानस को जागरूक किया इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा बच्चे मौजूद रहे इसी प्रकार विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय चटिहा बंबुरिहापुर प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय कापिल समेत दर्जनों विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को शिक्षकों ने जागरूक किया।

# भाजपा के खेमे में फतेहपुर के बाहुबली

## बसपा पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय ने सदस्यता लेकर पार्टी में रखा कदम

## विधानसभा समेत संपूर्ण जनपद के समर्थकों में दौडी खुशी की लहर

**अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला**

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के उपलक्ष में पार्टी ने एक बड़ा कदम उठाया उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में पूर्व काल में बहुजन समाजवादी पार्टी से विधायक रहे सदस्यों ने पार्टी का दामन छोड़ दिया उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद अंतर्गत जहानाबाद विधानसभा में पूर्व काल में बहुजन समाजवादी पार्टी के विधायक रहे आदित्य पाण्डेय ने पार्टी का दामन छोड़ सत्ताधारी सरकार को सहयोग प्रदान किया भारतीय जनता पार्टी पार्टी के आमंत्रण में बहुचर्चित पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर देश प्रदेश एवं जनपद को विकास पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया यह जानकारी जैसे ही फतेहपुर जनपद के जहानाबाद विधानसभा समेत चहुंओर फैली तो हजारों की संख्या में समर्थकों ने फोन संपर्क कर पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय को हार्दिक शुभकामनाएं दी वही समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए जय श्री राम के जयकारे लगाए जनपद के हजारों मतदाता एवं समर्थकों की वर्षों की आश समाप्त हुई जहां जनपद के एक बाहुबली समाजसेवी पूर्व विधायक ने बीजेपी का दामन थाम कर लोगों में एक नई ज्योति जागृत की।

# मण्डल कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 44 वां स्थापना दिवस

## भाजपा कार्यकताओं ने केक काटकर एक दूसरे को दी हार्दिक शुभकामनाएं

**अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर**




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत स्थापित भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय में पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जहानाबाद विधानसभा संयोजक रज्जन लाल त्रिवेदी पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा समेत सभी कार्यकताओं ने दीप प्रज्वलन कर केक काटकर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया कार्यकताओं ने बताया कि पूर्व काल में 6 अप्रैल वर्ष 1980 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूल उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की अध्यक्षता में पार्टी का गठन मुंबई में किया गया था विगत 10 वर्षों से देश को प्रगति पथ पर लाने के लिए वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखा जाए जिसके लिए स्वयं प्रधानमंत्री ने संकल्प लेते हुए जन-जन से संकल्प लिया समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए विजयपथ की ओर अग्रसर होने की रणनीति पर परिचर्चा की इस मौके पर पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम देवेंद्र कुमार अवस्थी अमित दुबे सुरेंद्र उमराव अशरफ खान आनंद गुप्ता जियालाल रणधीर सिंह रामबरन सिंह देव निषाद समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे

## डीएम ने किया क्राप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार/ मेश दीक्षित

हमीरपुर। ग्राम मेरापुर डांडा में कृषक लल्लू के खेत में फसल गेहूँ की उपज/उत्पादन के आकलन हेतु आयोजित क्राप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पाण्डेय द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर तहसीलदार अनुभव चन्द्रा, अपर सांख्यिकीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक अशोक निगम, लेखपाल दयाराम प्रजापति, लेखपाल सुरेशचन्द्र तथा स्थानीय कृषक मौजूद रहे।

# कीट रोगों से फसलों को बचाने के लिए अब मोबाइल पर ही मिलेगा समाधान

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ प्रिया नंदा ने जारी किया मोबाइल नंबर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डाक्टर प्रिया नंदा ने बताया कि किसानों को कीट रोंगो से अपनी फसलों को बचाने के लिए विशेष बातों का ध्यान देने की जरुरत है । अब किसानों को कीट रोगों की समस्या से बचने के लिए दवा की जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा बल्कि वाट्सएप पर फोटो खीच कर भेजने से ही उनकी समस्या का समाधान 48 घंटे में हो जाएगा। कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में पेड-पौधो में मिलीबग कीट की समस्या काफी बढ़ गयी है। मिलीबग कीट एक बहुभक्षी कीट है जो लगभग सभी प्रकार के पेड-पौधो को प्रभावित करता है। किसान भाई इस कीट की पहचान कर उचित प्रबंधन करके नुकसान को कम कर सकते है। मिलीबग कीट छोटे, अण्डाकार मुलायम शरीर के सफेद रूई के समान दिखाई देने वाले होते है। इस कीट में चूसने व चुभोने वाले मुखांग होते है जिससे यह पेड-पौधो के कोमल भागो जैसे पत्तियो व तने से रस चूस कर पौधो को कमजोर कर देता है। इस प्रकार पौधे पीले पड जाते है और सूख जाते है। मिलीबग कीट पौधो में जिस स्थान से रस चूसते है वहाँ पर मधुश्राव का उत्सर्जन करते है, जिससे आकर्षित होकर उस स्थान पर चीटिंयाँ एकत्र हो जाती है, जो कीटो को एक पौधे से दूसरे पौधे तक फैला देती है। मिलीबग कीट के प्रबंधन हेतु अक्टूबर में पौधो के जडों के चारो ओर पानी भरने तथा नवम्बर में पौधो के नीचे की मिट्टी की निराई-गुडाई कर कीट के अण्डे नष्ट कर देना चाहिए। मिलीबग कीट के रासायनिक नियंत्रण हेतु पौधो के नीचे निराई-गुडाई किये गये स्थान पर क्लोरपायरीफॉस 1.5 प्रतिशत धूल की 250 ग्राम मात्रा प्रति पेड की दर से बुरकाव करना चाहिए अथवा इमिडाक्लोप्रिड 200 एस.एल. की 1.5 मिली० मात्रा को प्रति लीटर पानी के साथ घोल बनाकर पेड की जड के पास डाल दें। इसके उपरान्त पेड पौधो के तने में लगभग 25 से.मी. चौडी पॉलीथीन की पट्टी लपेट देना चाहिए जिससे मिलीबग कीट पेड-पौधो पर नही चढ सकेगें। मिलीबग कीट से प्रभावित पौधो पर चीटियों दिखाई देने पर क्लोरपायरीफॉस 20 प्रति० ई.सी. की 2.5 मिली० मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर पौधो पर छिडकाव करें। डॉ नंदा ने यह भी बताया कि किसान भाई किसी भी समस्या /सुझाव हेतु अथवा कीट/रोग के लगने की दशा में रोगग्रस्त फसल / पौधे के फोटो के साथ विभागीय पी.सी.एस.आर.एस. नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर व्हाटसएप अथवा टेक्सट मैसेज के माध्यम से शिकायत कर सकते है। किसान भाईयो को समस्या लिखते समय अपना पूरा नाम व पूरा पता (ग्राम, विकासखण्ड एवं तहसील आदि का नाम) भी अंकित करना होगा। समस्या का समाधान 48 घण्टे के भीतर कर दिया जाएगा।

## क्षतिग्रस्त मार्ग पर हुआ अधूरा निर्माण, लोगों को हो रही परेशानी

अमन लेखनी समाचार शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव से अकेहरा हार को गए संपर्क मार्ग के क्षति ग्रस्त हो जाने व अधूरा निर्माण कार्य छोड़ देने से ग्रामीणों को खेतो तक वाहन ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के डामर गांव से हाइवे से कुतुब पुर खोड़ से होकर जनपद जालौन के जेशुख पुर सीमा तक संपर्क मार्ग का निर्माण एक दशक पूर्व स्वीकृत हुआ था। जो कि जिला पंचायत द्वारा बनाया गया था। गांव से लेकर डेरा निवासी भारत यादव के नलकूप तक से सड़क निर्माण का कार्य

हुआ था। इसके आगे का कार्य ठप हो गया था ।तब से आज तक इसमें कोई कार्य नहीं हुआ है। केवल बड़ी गिट्टी डाली गई थी। जिससे कृषि कार्य के लिए जाने वाले वाहनों को ले जाने में किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। डामर, कुतुब पुर खोड़ के किसानो के खेत इस सड़क के आसपास पड़ते हैं। जिसमे कृषि कार्य के लिए आना जाना रहता है। डामर गांव निवासी किसान, बाबू सिंह यादव, रामखेलावन, श्री चंद, सुखदेव, पुत्तन, महेंद्र, महाराज सिंह, रामबाबू, रवि, छोटे लाल, संतोष , आदि किसानो ने बताया कि यह सड़क निर्माण के समय से अधूरी रह गई थी। वह उखड़ी हुई पड़ी है। जो सड़क का निर्माण कार्य हुआ था वह भी पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो गई है।

ध्वस्त सड़क से आवागमन में किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानो ने बताया कि दीपावली के दूसरे दिन परवा को सैयद बाबा के स्थान पर पांच गांव के मौनिया एकत्र होकर मौन व्रत रखते हैं। तथा मेला व दिवारी नृत्य होता है। यह स्थान निर्जन टीले के रूप में है। गांव के किसान इस स्थान पर बरसात में अपने पशुओं को रखते थे। इस सड़क के निर्माण की मांग ग्रामीणों ने की है।

## टाप टेन अपराधी तमंचा सहित गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी जनपद स्तरीय टाप टेन अपराधी को थाना पुलिस ने बीती रात गांव स्थित गौशाला के पास से तमंचा सहित गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के पतारा गांव निवासी रोहित यादव पुत्र स्वर्गीय वीर सिंह यादव के खिलाफ थाने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। तथा जनपद स्तरीय टाप टेन अपराधी घोषित है। बीती रात गांव स्थित अन्ना पशु आश्रय स्थल के समीप से पुलिस ने गश्त के दौरान उसको गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। तथा इसके खिलाफ आयुध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवकुमारसिंह, हेड कांस्टेबल अनुरुद्ध नारायण यादव, कांस्टेबल मनोज गुप्ता, बलराम पटेल मौजूद रहे। कुख्यात अपराधी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

## गाजीपुर में मनाया गया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के 45वे स्थापना दिवस मनाया गया हर साल मनाया जाता है बीजेपी का इतिहास विकास विषयक गोष्ठी का आयोजन, मिठाई बांटकर लोगों ने भाजपा के 45वां स्थापना दिवस अवसर पर जिला कार्यालय छावनी लाइन पर भाजपा का इतिहास विकास विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। मिश्र बाजार स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण सहित जिले के सभी मंडलों के शक्ति केन्द्रों व बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ मिष्ठान वितरण कर मनाया गया ।जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद डॉ सगीता बलवंत नै कहा कि भाजपा के महानिषियो ने संगठन को मजबूत से आगे बढ़कर अपने देश के समृद्ध और शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने वाले भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सभी समाज के द्वारा ही भारत देश को आज विश्व में सबसे अधिक लोकप्रिय जाने वाले पहला देश बन गया है जो पार्टी ने नेता ने कहा कि हमारी पार्टी सरकार द्वारा देश को दुनिया भर के लोग अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं भारत देश एक समिद्दशाली और शक्तिशाली बन गया है ।इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष ने पार्टी झंडा फहराया। सभी युवा वर्ग को जागरूक करना हमारे सरकार की प्रथिमिकता देश आगे बढ़ाते है। इसमें उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला के पदाधिकारियों गण और सदस्य आदि नेता।

## स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। हमीरपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप चन्द्र शेखर शुक्ला ने दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने लोकतंत्र में योगदान, दिव्यांग जनों का मतदान कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित एक सैकड़ा दिव्यांग मतदाताओं को जिला निर्वाचन अधिकारी ने शपथ व संकल्प दिलाया तथा लोकसभा निर्वाचन में हमीरपुर में मतदान दिवस 20 मई को शत.प्रतिशत मतदान हेतु अपील की। रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु दिव्यांग मित्र उपस्थित रहे कर सहयोग करेंगे। आप सभी का उत्साह देख कर लगता है कि मतदान दिवस को सबसे बड़ा पर्व अवश्य मनाया जाएगा और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोगी रहेंगे। रैली में दिव्यांगों द्वारा ष्हम अपना कर्तव्य निभाएंगे.सबसे मतदान कराएंगे,ह्यह्यसारे काम छोड़ दो.सबसे पहले वोट दोह्यह्य ह्यह्यपहले मतदान.फिर जलपानह्यह्य आदि नारों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। मतदाता जारूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से किंग रोड़,जिला अस्पताल,अमन शहीद होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुयी। दिव्यांग जागरूकता रैली का संचालन जलीस खॉन द्वारा किया गया ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी,अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव,उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम,जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार दिव्यांगजन सशक्तिकरण हिमान्शु अग्रवाल, स्वीप कोआर्डिनेशन अकबर अली दिव्यांग मतदाता देवनारायण सोनी, विश्वनाथ नागर,दुर्गेश, शिवशरण, मोरे,कालका प्रसाद, सुनील कुमार,दिलीप,राना, कमलेश,महेश, कमाल, अजमत ताहा ,सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दिलाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को भाजपा की सदस्यता



अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।सपा नेता संजय दीक्षित ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा की सदस्या ग्रहण की ।हमीरपुर जिले से सपा नेता संजय दीक्षित भाजपा में शामिल हो गए हैं। शनिवार को उन्होंने लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। जनपद के गहरौली निवासी और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने आज शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली ।संजय दीक्षित वर्तमान में समाजवादी पार्टी में थे। इसके पूर्व बहुजन समाज पार्टी में रहते जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। हमीरपुर से विधानसभा का चुनाव भी बसपा प्रत्याशी बतौर लड़ा था। हालांकि, चुनाव जीत नहीं सके थे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के भाजपा ज्वॉइन करने से उनके समर्थकों में खासा उत्साह है इनका ब्राह्मण समाज में अच्छी पकड़ होने के साथ ही समाज में साफ सुथरी छवि होने के चलते विधान सभा क्षेत्र में अच्छी खासी पकड़ होने से भाजपा प्रत्याशी को काफी फायदा होता दिखाई देने लगा है।

# अबकी बार 400 पार , फिर एक बार मोदी सरकार

**अबकी बार 4 लाख पर, फिर एक बार जगदम्बिका पाल**

**ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने सिद्धार्थनगर में की जनसभायें**

**भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिकाल पाल को जीत की दी अग्रिम बधाई**

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर। अबकी बार 400 पार... फिर एक बार मोदी सरकार... फिर एक बार जगदम्बिकाल पाल... के उदघोष के साथ प्रदेश में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा जी ने डुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और तीन बार सांसद श्री जगदम्बिका पाल के चुनाव प्रचार अभियान की शनिवार को शुरूआत करते हुए कहा। मंत्री श्री शर्मा ने आज सिद्धार्थनगर डुमरियागंज और बांसी विधानसभा में जनसभाओं को संबिधित करते हुए कहा कि मा. जगदम्बिका पाल जी का सम्मान देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राक्षमंत्री के साथ ही पूरा शीर्ष नेतृत्व करता है। इतना ही नहीं देश की नौकरशाही में पाल जी की हर एक बात का बड़ा सम्मान है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सिद्धार्थनगर में पिछले वित्तीय वर्ष में नगर विकास विभाग से लगभग 200 करोड़ रुपए के कार्य कराये गए हैं। और यह सब यहां के कर्मठ और ऊर्जावन सांसद श्री पाल जी कि वजह से सम्भव हुआ है। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि दुनिया में 17 देश ऐसे हैं जिनकी आबादी के बराबर तो भाजपा के कार्यकर्त्ता हैं। इतना ही नहीं भाजपा अपने हर एक कार्यकर्त्ता के साथ ही प्रदेश की जनता के सम्मान, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए हमेशा तत्पर रहती है। देश को विकसित भारत बनाने का कार्य मोदी जी के नेतृत्व में जोरो से चल रहा है। और यह निरंतर चलता रहे, इसके लिए आप सभी को अपनी लोकसभा सीट से जगदम्बिका पाल जी को 04 लाख से अधिक वोट से जीत दिलाकर लोकसभा भेजना है और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करना है।

मंत्री शर्मा ने कहा कि जगदम्बिका पाल का प्रदेश ही नहीं, देश में बहुत सम्मान और प्रतिष्ठा है। ऊजार्वान जगदम्बिका पाल जी को हमेशा अपने पास संभाल कर रखियेगा। क्योंकि इनके रहते ही आपके क्षेत्र का विकास सम्भव है। उन्होंने कहा कि सांसद जी हर उम्र के लोगों का बड़ा सम्मान करते हैं और आश्चर्य की बात यह है कि वे सभी को उनके नाम से ही बुलाते हैं। यह आप सभी के प्रति उनके प्रेम से ही संभव है। पाल जी को आपके विकास के लिए किस योजनाओं में कितना पैसा किस गांव में और किस ब्लॉक और किस पंचायत में गया है, यह सारा हिसाब उँगलियों पर रहता है। कहीं भी किसी भी सुविधाओं का आभाव दिखता है तो तुरंत उसकी पूर्ति के लिए पूरी ऊर्जा से लग जाते हैं, और जब



तक काम करा नहीं लेते, तब तक पीछे नहीं हटते। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अपने मंत्रीकाल में पिछले दो साल में आपके जिले को लगभग 200 करोड़ रुपए नगर विकास विभाग से दिया है। यह आपके सांसद जगदम्बिका पाल जी की वजह से संभव हुआ है। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आप डुमरियागंज लोकसभा सीट से इतने कर्मठ सांसद को चुनकर लोकसभा भेजते हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा का आज स्थापना दिवस है। आपको यह बताने में बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि भाजपा के जितने कार्यकर्त्ता है पूरी दुनिया में ऐसे 17 देश हैं, जितनी उनकी आबादी है। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर एकता के साथ भाजपा के पक्ष में वोट करके मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री और जगदम्बिका पाल जी को सांसद बनाना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर सामान्य आदमी की सेवा की है। पिछली सरकारों में जो लाखों टन अनाज सड़ जाता था गोदामों में उससे देश के 80 करोड़ लोगों में मुफ्त राशन वितरित कर उनके जीवन को सुदृढ़ बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं आयुष्मान कार्ड का लाभ देते हुए 30 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षित किया गया है। धुएँ से महिलाओं को मुक्ति दिलाने के लिए 10 करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत 04 करोड़ लोगों को आवास दिए गए जिसमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही 56 लाख के करीब लाभार्थी हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था के क्षेत्र में जो काम शुरू किया है वो आज आपके साथ ही आपके बच्चों के भविष्य तक सुधारना का कार्य किया जा रहा है। हमने रोस्टर मुक्त करते हुए 24 घंटे बिजली देने का प्रयास शुरू कर दिया है। वहीं अपूर्ती को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए जर्जर तार, पोल को बदलने के साथ ही ट्रांसफार्मर को भी उच्चीकृत करने का काम 25 हजार करोड़ रुपए से प्रदेश भर में जोरों से चल रहा है। सिद्धार्थनगर की बात करें तो 12 हजार से अधिक खम्बे बदले जा चुके हैं, वहीं हजारों ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ाई गयी है। और यह सब संभव तभी हो पा रहा है जब आपका चुना हुआ जनप्रतिनिधि सरकार का सहयोग कर रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी श्री जगदम्बिका पाल जी को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कार्यक्रम में मौजूद जनता और कार्यकताओं का हृदय से धन्यवाद किया। मंत्री श्री शर्मा ने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि इस बार जगदम्बिका पाल जी को 04 लाख से अधिक वोटों से जिताना है। अबकी बार 04 लाख पार... फिर एक बार जगदम्बिका पाल। अबकी बार 400 पार... फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल में जो काम नहीं हुआ है, वो पिछले 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व में देश और योगी जी के नेतृत्व में 2017 से प्रदेश में हो रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' के बारे में बताते हुए कहा कि ₹जाको प्रभु दारुण दुख देहि, ताकी मति पहले हर लेहीं₹। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में में नदी में गन्दगी दिखाते हुए अमेरिका की बफैलो रिवर की फोटो लगाई और दूसरी थाईलैंड की फोटो लगाकर अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' लिखा है। मतलब उन्हें भारत में ऐसा दिखा ही नहीं, कि वो भारत की फोटो लगा सकें। उन्होंने कहा कि बांसी नगर पालिका के विकास हेतु 09 करोड़ रुपए नगर विकास से दिए गए। जिसमें 4.50 करोड़ रुपए आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की मोदी जी की परिकल्पना को साकार करने के लिये मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। जिसके लिए आपको अपनी लोकसभा से जगदम्बिका पाल जी को फिर से संसद बनाने का काम आपको करना है। जनसभा कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, विधायक श्याम धनी राही, राघवेंद्र प्रताप सिंह, जय प्रताप सिंह जी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता और हजारों की संख्या में जनता मौजूद रही।

## हरसुंडी , इस्लामपुर गांव में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

राठ, हमीरपुर। क्षेत्र के गांव हरसुंडी, इस्लामपुर में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई । वीडीयो दिव्या त्रिपाठी , नेतृत्व में गांव की आंगनवाड़ी, आशा बहु और समूह की महिलाओं ने नारा दिया, पहले करो मतदान फिर करो जलपान , मतदाताओं को बैनर ,पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया । दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर रैली निकाली गई ,इसका उद्देश्य लोगों को मतदान की प्रति प्रेरित करना है । ताकि लोग अधिक से अधिक मतदान करें , जो लोग 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हो वह भी मतदान करें ,जिससे मतदाता का प्रतिशत बढ़े इस मौके पर सचिव राधे श्याम,सचिव गगन सोनी वा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गैस चूल्हे से लगी आग से लाखों की संपति स्वाहा

**रहने और खाने पीने को नही बचा कुछशेष**

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर,हमीरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम पंधरी में शनिवार की सुबह गैस चूल्हे से आग लग जाने एक पूरा मकान धू धू कर जल गया और घर में गृहस्थी का लाखो का सामान जल जाने से पीड़ित परिवार के सामने रहने और खाने पीने का संकट खड़ा हो गया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार पंधरी निवासी राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र धर्मराज गुप्ता के यहां शनिवार की प्रातः गैस चूल्हे से घर में आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, परिवार में मौजूद महिला अपने घर का कोई सामान बाहर नहीं निकाल पाई तो आग लाखों रुपए का गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया, पीआरवी टीम और फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया, संयोग यह रहा कि अगल बगल के घरों पर आग आगे नहीं बढ़ी तो बहुत बड़ा हादसा टल गया,आग बुझाने में राकेश कुमार, बीरेंद्र, राधेश्याम गुप्ता, लक्ष्मी, राजू साहू अनुज, बड़कू साहू, बाले गुप्ता, लवकुश, बड़े साहू, जुग्गी लाल, अभितेज, नीता आदि तमाम लोगों ने बहुत ही साहस दिखाकर आग को बुझाया, गृह स्वामी राजेन्द्र गुप्ता पेशे से ट्रक ड्राइवर है और बाहर रहकर ड्राइवरी करके अपने बच्चों का भरण-पोषण करता हैं आग से सारा सामान जलकर खाक हो गया है बच्चों के सामने खाने पीने और रहने के लाले पड़ गए हैं, राजेन्द्र के पत्नी सहित चार छोटे छोटे बच्चे हैं।

## सर्व सम्मति से सर्राफा संघ के अध्यक्ष बने राजकुमार अग्रवाल

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर। शनिवार को सराफा एवं स्वर्णकार संघ की एक बैठक स्थानीय मेला जलविहार मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष के जी अग्रवाल की।

बैठक मे सरार्फा एवं स्वर्णकार संघ का त्रेवार्षिक निर्वाचन संपन्न हुआ ।सरार्फा व्यवसायी वीरेंद्र कुमार सोनी ने बैठक में राजकुमार अग्रवाल का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। जिसका समर्थन दिलीप कुमार सोनी हरिश्चंद्र सोनी बद्री प्रसाद सोनी सहित विभिन्न सरार्फा व्यापारियों ने किया ।जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बहुमत देखते हुए सर्वसम्मति से राजकुमार अग्रवाल को अध्यक्ष घोषित किया ।बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी में सभी को सम्मिलित करने की बात कही ।युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहां की सरार्फा एवं स्वर्णकार संघ का नगर में एक अपना विशेष महत्व है, इसलिए जो भी कार्यकारिणी बनायी जाए उसमें प्रत्येक क्षेत्र के सरार्फा व्यवसायी को समायोजित अवश्य किया जाए। बैठक में कैलाश चंद्र अग्रवाल,नगर मंत्री रहमत वेग,निर्वाचन अधिकारी मैयादीन मीनाकार, हरिश्चंद्र सोनी, प्रदीप सोनी, राजू सोनी,पप्पू सोनी शिवराम जड़िया, संजू सोनी, सुरेश सोनी, अशोक सोनी सहित विभिन्न सरार्फा व्यवसायी उपस्थित रहे।

## पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

अमन लेखनी समाचार

सरीला,हमीरपुर ।लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है ।ग्रामीण इलाकों में लगातार पैदल मार्च किया जा रहा है । शनिवार को विलगांव गांव में क्षेत्राधिकार आशीष यादव की दिशा निर्देशन में पैदल मार्च किया गया । लोकसभा चुनाव के मध्य पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर कस्बा और क्षेत्र गांव बिलगांव में पैदल मार्च किया, वहीं लोगों को सुरक्षा व शांति का विश्वास दिलाते हुए निडर होकर मतदान करने का विश्वास दिलाया। इस मौके पर जलालपुर थाना प्रभारी ब्रजमोहन,वा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## नई फिल्म की पहली झलक से उठा पर्दा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी एक्टिंग से लगातार लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। एक्टर लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने दमदार वापसी की तैयारी कर ली है। राजकुमार राव भी अब बायोपिक के साथ आ रहे हैं, जिसमें वो एक इंस्पायरिंग रियल लाइफ कहानी दिखाएंगे। एक्टर की अपकमिंग फिल्म का नाम 'श्रीकांत' है। राजकुमार राव ने फिल्म 'श्रीकांत' से अपने करिदार की झलक दिखाते हुए फिल्म के ऐलान के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। उन्हेंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक यात्रा जो आपको अपनी आंखें खोलने के लिए प्रेरित करेगी!

लाइफ Style

## रश्मिका मंदाना

### 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक

'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'पुष्पा 2' की रिलीज का लोगों को लंबे समय से बेसब्री से इंतजार है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'पुष्पा 2' के मेकर्स 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फिल्म का पहला टीजर रिलीज करने का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन इसके पहले नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के बर्थडे पर श्रीवल्ली के फैंस को सरप्राइज मिल गया। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का 'पुष्पा 2' से पहला लुक शेयर कर दिया है। श्रीवल्ली का ये धाकड़ लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

'पुष्पा 2' के इस पोस्टर में रश्मिका, श्रीवल्ली के किरदार में बहुत ही दमदार लुक में लुक दिखा रही हैं। रश्मिका मंदाना ने हरी साड़ी, मांग में सिंदूर, हाथों में हरी-लाला चूड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं कमरबंद, नाक की नथ और गले में मंगलसूत्र के साथ हार पहने हुए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस लुक को एक्ट्रेस ने लाल बिंदी, आंखों में काजल, न्यूड लिपस्टिक और बालों का जुड़ा बनाना से पूरा किया है। 'पुष्पा 2' के इस पोस्टर के साथ फिल्म के टीजर रिलीज की एक बार फिर घोषणा की गई है, जो 8 अप्रैल को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने 'पुष्पा 2' की ओटीटी रिलीज की भी घोषणा की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।



हॉलीवुड मसाला



## फिल्म 'ड्यून 3' का ऐलान

लॉस एंजिलिस। टिमोथी चालमेट और जेंडाया अभिनीत फिल्म 'ड्यूनः पार्ट टू' बॉक्स ऑफिस पर कमाल रही है। निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पूरी दुनिया में टिमोथी चालमेट की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं अब 'ड्यूनः पार्ट टू' की सफलता के बाद निर्देशक ने इस फिल्म के अगले भाग के निर्माण की घोषणा की है। टिमोथी चालमेट की आगामी फिल्म 'ड्यून 3' का निर्माण हो रहा है। निर्देशक विलेन्यूवे ने खुद इसकी आधिकारिक घोषणा की है।



## जैकी चैन की फिल्म 'कराटे किड' का निर्माण शुरू

**लॉस एंजिलिस।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म कराटे किड की घोषणा करते हुए इसका निर्माण भी शुरू कर दिया है। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की छठवीं फिल्म है। राल्फ मचियो इस फिल्म में डैनी लारूसो की अपनी भूमिका फिर से निभाते नजर आएंगे। 2010 की फिल्म कराटे किड रीमेक में जैकी चैन मिस्टर हान की भूमिका में दिखाई दिए थे। वह अपनी भूमिका में फिर से नजर आएंगे। दर्शकों को इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही तस्वीरों में फिल्म कराटे किड के लोगो की झलक भी देखने को मिली। अभिनेता बेन वांग इसमें अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। बेन वांग के फिल्म में होने की घोषणा के बाद ही मेकर्स ने गुरुवार को बड़ा अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी पहले ही खुलासा हो चुका है।



## ट्विंकल ने अक्षय पर सरेआम मारा ताना

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दोनों ही साथ में परफेक्ट लगते हैं। सालों से दोनों एक-दूसरे के साथ मौजमस्ती करते नजर आया करते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों ही काफी एक्टिव हैं। जहां अक्षय कुमार अपने वीडियोज से लोगों को हंसाने में नहीं चूकते वहीं ट्विंकल खन्ना भी कभी फनी तो कभी सामाजिक मुद्दों पर बात करती नजर आती हैं। ट्विंकल खन्ना ने एक वीडियो साझा किया है। सामने आए इस वीडियो में वो और अक्षय कुमार दोनों ही नजर आ रहे हैं। दोनों किसी शादी फंक्शन के लिए तैयार हो रहे हैं और दोनों ने बेज कलर के कपड़ों में ट्विनिंग भी की है। जहां ट्विंकल खुद को निखारने और संवारने में लगी हैं, वहीं अक्षय कुमार उनके पीछे उछल-कूद करते दिख रहे हैं।



## टूटे दिल की दास्तान है 'अंख दा तारा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। अभिनेता कई चर्चित गाने गा चुके हैं। एक बार फिर वह अपनी सुरीली आवाज के साथ हाजिर हुए हैं। आयुष्मान का नया गाना 'अंख दा तारा' आज जारी हो गया है। संगीत प्रेमियों से इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आयुष्मान कई फिल्मों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। अब वे अपना एक नया पंजाबी गाना लेकर आए हैं। 'अंख दा तारा' गाने को आज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में टूटे दिल की दास्तान को एक अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। अभिनेता ने लिखा, ''मेरी 'अंख दा तारा' आप हो'। फैंस को आयुष्मान का यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे लगातार सुनने के लिए एक नया गाना मिल गया है'।

टीवी मसाला



## संस्कारी बहू 'रूही' ने पार की सारी हदें, बोल्ड अवतार देख दंग हुए लोग

**मुंबई।** प्रतीक्षा होनमुखे इस वक्त काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रतीक्षा का सफर हाल ही में टीवी के हिट शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से खत्म हुआ है। इस शो में प्रतीक्षा ने रूही का रोल प्ले किया था, लेकिन हाल ही में उन्हें इस शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। प्रतीक्षा होनमुखे अपने काम के साथ ही सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वहीं, ये रिश्ता क्या कहलाता है' से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस का बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। इस वीडियो में प्रतीक्षा मिरर के सामने खुद ही अपना वीडियो शूट करती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी संस्कारी बहू की इमेज से बाहर आते हुए बोल्ड अवतार दिखाया है। वीडियो में प्रतीक्षा के ब्रालेस लुक ने आग लगा दी है। इस दौरान एक्ट्रेस ने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, जिसका नेक फ्रंट से काफी डीप और ओपन है। वहीं, उनके ओपन और फ्रिजी हेयर उनके लुक को और भी सेक्सी बना रहा है। वीडियो में प्रतीक्षा का एटीट्यूड देखने लायक है। इस वीडियो के साथ प्रतीक्षा ने कैप्शन में लिखा, 'गर्मियों से भी ज्यादा गर्मी?'

## अनुपमा का टूटा हाथ, अब क्या हो जाएगी कॉम्पटीशन से बाहर

**मुंबई।** अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, कुकिंग कॉम्पटीशॉन के लिए सेलेक्ट हो जाती है। वहीं अनुज से शादी करने के लिए अब श्रुति बेताब है और वह कुछ भी करने को तैयार है। अब अनुपमा डांस प्रैक्टिस करते हुए गिर जाती है और उसके हाथ में फ्रेकचर हो जाता है। अनुपमा फिर भी कॉम्पटीशन के लिए जाती है। लेकिन वहां तीनों में से एक जज अनुपमा को मना कर देता है। वह कहता है कि तुम नहीं करोगी पार्टिसिपेट और चले जाओ। अनुपमा लेकिन वहां से जाती नहीं है और कहती है कि वह हिस्सा लेगी और अपने लेफ्ट हाथ से खाना बनाएगी। वह पहले भी लेफ्ट हाथ से खाना बना चुकी है। अनुपमा कहती है कि औरतों को मुश्किलें बहुत मिलती हैं, लेकिन मौके बहुत कम। मुझे इतना बड़ा मौका मिला है। पूरी दुनिया के सामने अपना हुनर दिखाने का। मैं जानती हूं ये आसान नहीं होगा। कई लोग मुझे हराना चाहेंगे, इस कॉम्पटीश ने से बाहर करना चाहेंगे, लेकिन मैं हारने वाली नहीं हूं क्योंकि अगर मैं हार गई तो ये हार सिर्फ मेरी नहीं होगी। हर उस औरत की होगी जो रसोई से कभी बाहर ही नहीं निकल पाई।



## माधुरी दीक्षित का थ्रोबैक वीडियो हुआ वायरल



**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और उनके पति डॉ. नेने की शादी को कई साल हो चुके हैं और उनके दो प्यारे बच्चे अरिन नेने और रयान नेने हैं। माधुरी दीक्षित-श्रीराम नेने को कई बार साथ में इवेंट और बी टाउन की पार्टी में स्पॉट किया जा चुका हैं और इसमें कोई शक नहीं की दोनों बहुत ही प्यारे कपल हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' का एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने पति नेने संग एक पॉपुलर इंग्लिश गाना गाते नजर आ रही हैं। लोगों को ये वीडियो बहुत पसंद आ रहा है। वीडियो में माधुरी दीक्षित सजी-धजी सूट पहने हुए बहुत सुंदर लग रही हैं। वहीं कुछ ही देर में एक्ट्रेस के पति नेने भी अपनी पत्नी के साथ ये गाना गाते दिखाई देते हैं। कपल हमेशा की तरह स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे थे।

## दिशा पटानी ने साझा कीं 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग की तस्वीरें





**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर दर्शकों के बीच काफी दिनों से उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के छोटे-से-छोटे अपडेट पर प्रशंसक अपनी नजर बनाए हुए हैं। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास का दमदार किरदार देखने को मिलेगा। हाल ही में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रभास के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो इस फिल्म से जुड़ी हैं। फिल्म की अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें दर्शकों के साथ साझा की हैं। दरअसल, साल 2024 की शुरुआत में एक खबर आई थी कि प्रभास और दिशा पाटनी फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। दिशा ने जो तस्वीरें साझा की हैं, वह उसी गाने की शूटिंग की है। तस्वीरों में दिशा अपने सह कलाकार प्रभास के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में वे मेकअप कलाकारों से मेकअप कराती दिख रही हैं।

## टीवी की इन मशहूर अभिनेत्रियों ने अब तक नहीं की शादी

**मुंबई।** छोटे पर्दे की अभिनेत्रियों लोकप्रियता के मामले में फिल्मों की हीरोइनों से पीछे नहीं है। टीवी बहुत सी एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी के दम पर घर-घर में खास पहचान बनाई है। संस्कारी बहुओं का रोल निभाकर शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने वाली इन अभिनेत्रियों में से कई ऐसी भी हैं जो असल जीवन में अविवाहित हैं।



### हिना खान

धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है से हिना खान ने घर-घर में खास पहचान बनाई। इस सीरियल में वे संस्कारी बहू के रूप में नजर आई थीं। हालांकि, असल जीवन में उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। हिना काफी समय से रॉकी जायसवाल के साथ रिलेशनशिप में हैं।

### शिल्पा शिंदे

इस लिस्ट में पहला नाम भाभीजी घर पर हैं फेम अभिनेत्री शिल्पा शिंदे का है। वे छोटे पर्दे की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। 40 के पार जा चुकी शिल्पा अब तक अविवाहित हैं। अभिनेत्री की सगाई रोमित राज से हुई थी, लेकिन बाद में दोनों ने अपनी राहें जुदा कर लीं।





### साक्षी तंवर

टीवी सीरियल बड़े अच्छे लगते हैं में अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस साक्षी तंवर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वे अब तक कई धारावाहिकों, फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। उन्होंने एक बेटी को गोद लिया है और सिंगल पेरेंट के तौर पर उसका पालन-पोषण कर रही हैं।

### नेहा मेहता

नेहा मेहता को तारक मेहता का उलटा चश्मा की वजह से खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस सीरियल में उन्होंने अंजलि का किरदार निभाया था। उनके रोल को काफी पसंद किया गया था। साल 1973 में जन्मी नेहा ने अब तक शादी नहीं की है।





## दर्शकों पर जादू चलाने को तैयार आलिया

**मुंबई।** आलिया भट्ट बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय के दम पर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस बार आलिया निर्देशिका गुरिंदर चड्ढा की आने वाली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट अब एक ऐसे नए अवतार में दिखाई देंगी। जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। खबरों की मानें तो इंडो-ब्रिटिश फिल्म निर्देशक गुरिंदर चड्ढा की फिल्म में प्रिंसेस के रोल के लिए आलिया भट्ट का नाम फाइनल कर लिया गया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 जून में शुरू हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में अभी तक सिर्फ आलिया भट्ट का नाम ही शामिल हुआ है। बाकी स्टारकास्ट को फिल्म की कहानी के पूरा होने के बाद ही तय किया जाएगा। हालांकि अपनी इस फिल्म के लिए शुरू से ही गुरिंदर की पहली पसंद आलिया ही थीं।